



दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन




वर्ष 53/ अंक 103/ पृष्ठ 8 / मूल्य₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, बुधवार 15 नवम्बर 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in


# पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 15वीं किस्त जारी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 15वीं किस्त जारी की। झारखंड से देशभर के 8 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 2-2 हजार रुपए की किस्त ट्रांसफर की गई। 18 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम ट्रांसफर हुई।



इससे पहले जुलाई में किसान सम्मान निधि की 14वीं किश्त जारी की गई थी। इसमें भी करीब 18 हजार करोड़ रुपए किसानों को ट्रांसफर किए गए थे। इस योजना के तहत सरकार हर साल किसानों के अकाउंट में 2-2 हजार रुपए की तीन किस्तों में 6000 रुपए ट्रांसफर करती है।

इस योजना के तहत छोटे और सीमांत किसानों को 2-2 हजार रुपए की तीन किस्तें, साल में (कुल 6000 रुपए), दी जाती हैं। स्कीम के तहत पहली किस्त अप्रैल-जुलाई के बीच, दूसरी किस्त अगस्त-नवंबर के बीच और तीसरी किस्त दिसंबर-मार्च के बीच जारी की जाती है। इस योजना की शुरुआत 2019 में किसानों को आर्थिक मदद देने के लिए की गई थी।



# भाईदूज पर सीएम शिवराज का ऐलान, लखपति बहना योजना करेंगे शुरू



**भोपाल।** प्रदेश में लाड़ली बहना के बाद अब शिवराज सरकार प्रदेश की महिलाओं को लखपति बनाने के लिए योजना लेकर आई है। महिलाओं की आमदनी 10 हजार रुपये महीना हो, इसके लिए स्व सहायता समूहों के माध्यम से कार्य किया जाएगा। सीएम ने भाईदूज के मौके पर ये घोषणा की है।

भाईदूज के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं अपनी हर बहन को लखपति बनाऊंगा। इसके लिए हम लखपति बहना योजना शुरू कर रहे हैं। इसमें घर का काम-काज करते हुए हर बहन हर महीने कम से कम 10 हजार रुपये कमाएगी, जिससे साल में उसकी आमदनी एक लाख के ऊपर होगी। सीएम ने कहा कि अभी 15 लाख बहनें लखपति हैं। लेकिन स्वः सहायता समूह के माध्यम से अब इसे एक अभियान के रूप में चलाएंगे। एक आंदोलन बनाएंगे। उन्होंने कहा कि बहनों का आशीर्वाद मुझे ऊर्जा देता है।

### बहनों से करवाया तिलक

मुख्यमंत्री निवास पर बुधवार को भाई दूज का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को तिलक लगाने पहुंचीं थीं। सीएम ने इन सभी से तिलक लगवाकर भाई दूज का त्यौहार मनाया। इस मौके पर संगीत और नृत्य का भी आयोजन किया गया। महिलाओं ने सीएम के माथे पर तिलक कर उन्हें आशीर्वाद दिया।

### प्रियंका ने दतिया में कहा

# मोदी ने कायरों और गद्दारों को अपनी पार्टी में ले लिया

**दतिया।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने बुधवार को दतिया की चुनावी सभा में कहा, भाजपा के नेता विचित्र हैं। हमारे सिंधिया जी कद में थोड़े छोटे पड़ गए, लेकिन अहंकार में वाह भई वाह...। हम यूपी में काम कर रहे थे। कार्यकर्ताओं को उन्हें महाराज-महाराज कहना पड़ता था। कांग्रेस महासचिव ने आगे कहा, सिंधिया ने अपने परिवार की परंपरा अच्छे से निभाई है। इन्होंने ग्वालियर - चंबल के




लोगों से विश्वासघात किया। आपकी पीठ में छुरा घोंपा। पीएम मोदी ने दुनियाभर के कायरों और गद्दारों को इकट्ठा कर अपनी पार्टी में ले लिया। गृहमंत्री दिन भर पिक्चर देखते रहते हैं। कौन - क्या पहना है, इन्हें बड़ी चिंता रहती है। विश्व प्रसिद्ध महान अभिनेता शिवराज सिंह चौहान उर्फ मामा जी एक्टिंग में अमिताभ बच्चन के भी कान काट लें। लेकिन, काम की बात होती है, तो असरानी का रोल पकड़ लेते हैं। मोदी जी का पूछिए ही मत। उनका क्या कहना। देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो परमानेंट अपनी ही पीड़ा में परेशान रहते हैं। कहते हैं कि मुझे इतनी गालियां दीं। रोते रहते हैं। जैसे तेरे नाम में सलमान खान रोए। पीएम के लिए पिक्चर बना देते हैं। नाम रखेंगे मेरे नाम। लाड़ली बहना योजना की घोषणा दो महीने पहले क्यों की गई? भाजपा घोषणाएं ये समझकर करती है कि हम जनता को बेवकूफ बना सकते हैं। 18 साल में 21 रोजगार ही दिए।

# कमलनाथ बोले- तोमर के बेटे का मामला राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा

**भोपाल।** केंद्रीय मंत्री नरेंद्र तोमर के बेटे के लेने-देन के वायरल वीडियो को लेकर पीसीसी चीफ कमलनाथ ने सवाल किए हैं। कमलनाथ ने सोशल मीडिया पोस्ट कर कहा- मैं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से जानना चाहता हूं कि उनके लिए सबसे पहले पार्टी और परिवार का हित है या देशहित? केंद्रीय मंत्री और विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी नरेंद्र तोमर के बेटे के तीन वीडियो सामने आ चुके हैं। कथित तौर पर 100 करोड़ रुपए के लेन-देन से शुरू हुआ मामला 10000 करोड़ तक पहुंच चुका है। इसमें मादक पदार्थों के व्यापार और कनाडा से सीधा संबंध दिखाया जा रहा है।



कमलनाथ ने कहा- यह मामला किसी व्यक्ति या पार्टी का नहीं है, बल्कि सीधे राष्ट्रीय सुरक्षा और नशे के कारोबार से जुड़ता हुआ दिख रहा है। इसकी तत्परता से जांच होनी चाहिए, लेकिन दुख की बात यह है कि भाजपा का पूरा राष्ट्रीय नेतृत्व इस समय मध्यप्रदेश में है और इस मुद्दे पर कोई एक शब्द नहीं बोल रहा है। जो लोग राष्ट्रहित के सामने निजी हित को आगे रख रहे हैं, उन्हें एमपी माफ नहीं करेगा।

# गरीब कल्याण कांग्रेस का एजेंडा नहीं: योगी आदित्यनाथ

**पन्ना ।** यूपी के मुख्यमंत्री एवं भाजपा के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ बुधवार को पन्ना जिले की पवई विधानसभा में आम सभा को संबोधित करने पहुंचे। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने कहा, मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार ने हर घर तक शासकीय योजनाओं



का लाभ पहुंचाया। कांग्रेस को 55 वर्ष तक मौका मिला, लेकिन गरीब कल्याण उनके विकास का एजेंडा नहीं था। कांग्रेस के समय मध्य प्रदेश बीमारू राज्य था, लेकिन भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने मध्यप्रदेश को विकसित राज्य बना दिया। गरीब कल्याण से लेकर किसान कल्याण और अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कल्याण के लिए सरकार की सैकड़ों योजनाएं चल रही हैं। इसका लाभ प्रदेश की जनता के घर तक पहुंच रहा है।

### सहारा प्रमुख सुब्रत रॉय का निधन



**मुंबई।** मशहूर बिजनेसमैन सुब्रत रॉय सहारा का मुंबई में मंगलवार देर रात 75 साल की उम्र में निधन हो गया है। सहारा परिवार के मुखिया सुब्रत रॉय काफी दिनों से गंभीर रूप से बीमार थे और उनका इलाज मुंबई के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। बुधवार दोपहर 2 बजे चार्टर प्लेन से उनका पार्थिव शरीर लखनऊ लाया जाएगा, जहां उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दी जाएगी। सहारा इंडिया की तरफ से बताया गया कि सुब्रत रॉय सहारा को मेटास्टैटिक स्ट्रोक, हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की समस्याएं थी। कार्डियोरेस्पिरेटरी अरेस्ट के कारण 14 नवंबर 2023 को रात 10.30 बजे उनका निधन हो गया।

### प्रदेश में मतदान की व्यवस्था पूर्ण, 17 को सुबह 7 बजे से डाले जाएंगे वोट: अनुपम राजन



**भोपाल।** प्रदेश के मुख्य चुनाव पदाधिकारी अनुपम राजन ने कहा है कि प्रदेश में 17 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। आज मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने मतदान को लेकर जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि आदिवासी अंचल बालाघाट, डिंडोरी के 40 और मंडला 55 मतदान के केंद्रों पर सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। बाकी जगह शाम छह बजे तक वोट डाले जाएंगे। उन्होंने बताया कि केंद्रीय पुलिस बल, पुलिस मोबाइल टीम और माइक्रो ऑब्जर्वर मतदान की सतत निगरानी करेंगे। संवेदनशील मतदान केंद्र पर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था होगी। मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सपन्न हो इसके लिए पूरी तैयारी की गई है। ज़िला स्तर पर सभी व्यवास्था कर ली गई हैं। 16 नवंबर यानि कल पोलिंग पार्टी मतदान केंद्र के लिए रवाना होगी।


कोलार रोड नगर निगम सीमा में
पूर्ण विकसित फार्म हाउस
मात्र 599 रु. वर्ग फिट
की शुरूआती कीमत में
रोड,लाईट,पानी,गेट,बाउण्ड्री
एवं आसान किश्तों में
सभी साईज में उपलब्ध है
तुरंत रजिस्ट्री तुरंत पजेशन
संपर्क
7470487994



मोदी की गारंटी भाजपा का भरोसा



भाई की पाती, लाड़ली बहनों के नाम

मेरी प्रिय लाड़ली बहनों,
भाई दूज की शुभकामनाएं,

आशा है आप स्वस्थ और प्रसन्न होंगी। मैंने भी आपके जीवन को सुखी बनाने का संकल्प लिया है। अपनी लाड़ली बहनों के लिए मैं जब भी कुछ करता हूँ, मुझे अपार खुशी और संतोष की अनुभूति होती है। मैंने अपनी लाड़ली बहनों के खातों में प्रति माह 1,250 रुपए भेजकर उनकी आर्थिक सुरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित की है। इस राशि को हम क्रमशः बढ़ाकर 3,000 रुपए तक करेंगे। इस बार तो अपने संकल्प-पत्र में हमने **लाड़ली बहनों को मिल रही आर्थिक समृद्धि के साथ-साथ पक्का मकान** देने का भी संकल्प लिया है। लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना के बाद हम लखपति बहना अभियान चलाएंगे। हर बहन की वार्षिक आय 1 लाख रुपए से ज्यादा करेंगे। आपको पता है, कि बेटी हमारे समाज में बोझ न बने बल्कि वरदान बने, इसके लिए मैंने लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाई थी। इस योजना के कारण बेटियों की जन्म दर में काफी सुधार हुआ है।

मध्य प्रदेश सहित पूरे देश के जन-मन में बसे हमारे यशस्वी **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भी लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण** देकर उनके प्रतिनिधित्व की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। आप सभी के आशीर्वाद से मैंने मध्य प्रदेश की धरती पर माताओं, बहनों और मेरी बेटियों के लिए स्थानीय निकाय चुनाव में 50%, शिक्षक भर्ती में 50% और अन्य सरकारी भर्तियों में 35% आरक्षण लागू कर महिलाओं को सशक्त करने का काम किया है।

इन सबके बावजूद मेरे मन में गरीब और मध्यमवर्गीय बहनों की जिंदगी बदलने की तड़प थी और इसलिए मैंने सोचकर लाड़ली बहना योजना बनाई थी। मुझे खुशी है कि लाड़ली बहना योजना महिलाओं को आर्थिक संबल देने वाली दुनिया की सबसे बड़ी योजना है जिसमें लगभग 1 करोड़ 32 लाख बहनों के खाते में हर महीने आर्थिक समृद्धि दी जा रही है। अब तो इसके साथ-साथ लाड़ली बहनों को पक्का मकान भी मिलेगा। ये केवल योजना नहीं बहनों का आत्मसम्मान और विश्वास है। मैं यह बताना चाहता हूँ, कि मेरी जिन पात्र बहनों के नाम पोर्टल में जुड़ने से छूट गए हैं, उनके नाम भी हमारी सरकार बनने पर जोड़ दिए जाएंगे। साथ ही, हमारी ऐसी बेटियों जिनकी उम्र 21 वर्ष से अधिक है, भले ही वह विवाहित न हों, उनके नाम भी इस योजना में जोड़े जाएंगे। माताओं-बहनों-बेटियों के जीवन में बेहतरी लाने का संकल्प लेकर श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा निरंतर काम कर रही है। **मोदी जी की गारंटी का मतलब हर गारंटी पूरी होने की गारंटी है।** प्यारी बहनों, लाड़ली बहना योजना निरंतर चलती रहे, इसके लिए आवश्यक है कि फिर से मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बने। याद रखिएगा, कि भूल से भी कोई और सरकार बनी तो ये लोग सारी योजनाएं बंद कर देंगे। मेरा आपसे निवेदन है कि आप अपनी और प्रदेश की भलाई के लिए अपने क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को ही वोट दें, और पूरी ताकत से उनका प्रचार करें। आपके द्वारा **कमल निशान** पर दिए हर एक वोट से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को ताकत और आशीर्वाद मिलेगा।

आइए, हम सब मिलकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार
बनाने के लिए पूरी ताकत से जुट जाएं।
मुझे विश्वास है कि आपके आशीर्वाद से हम सभी सफल होंगे।



सादर,
शिवराज सिंह चौहान

आज **शाम 05:30 बजे** आपके भैया
**मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान**
प्रदेश के सभी भाई-बहनों से बात करेंगे।

**समाचार चैनल, सोशल मीडिया के माध्यमों से अपने भैया को जरूर सुनें।**

फिर इस बार भाजपा सरकार

कमल का बटन दबाएं भाजपा को जिताएं



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी से WhatsApp के जरिए
सीधे जुड़ने के लिए QR कोड स्कैन करें

प्रकाशक- एमपी बीजेपी, प्रदेश कार्यालय

# भाजपा सरकार नें हर वर्ग के व्यक्ति तक शासन की योजना का लाभ पहुंचाने का काम किया : रामेश्वर

## डॉ. रामकुमार बेलानी नहीं रहे, संत नगर में शोक की लहर

**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम नगर के प्रमुख सेवा भावी वरिष्ठ डॉक्टर रामकुमार बेलानी का सोमवार को निधन हो गया। उनके निधन से संत हिरदाराम नगर में शोक की लहर छा गई। पूज्य सिंधी पंचायत सहित कई सामाजिक संस्थाओं ने



शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। उनके भतीजे राजेश बेलानी के मुताबिक, वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। संत नगर में उन्होंने पिछले 35 वर्षो से चिकित्सा सेवाएं दी। मंगलवार दोपहर उनके पार्थिव देह का संत हिरदाराम नगर के विश्राम घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

## झूलेलाल विसर्जन घाट पर छठ पर्व के दौरान 151 दीपों का होगा दान

संत हिरदाराम नगर

झूलेलाल विसर्जन घाट पर छठ पर्व हर्षोल्लसा के साथ मनाया जाएगा। भोजपुरी समाज द्वारा विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। जहां पर सुख, शांति, समृद्धि के लिए 151 दीपों का दान किया जाएगा। भोजपुरी साहित्य एवं सांस्कृतिक संस्था हर साल यह कार्यक्रम आयोजित करते आ रही है। संस्था के अध्यक्ष दिनेश मिश्रा ने बताया कि यह पर्व खास तौर से पूर्वांणचल की परंपरा अनुसार चार दिवसीय होता है। इसका आयोजन कार्तिक शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को पूरे घर की विशेष रुप से साफ सफाई कर छठ व्रत महिलाएं नहाये खाये के साथ व्रत प्रारंभ होता है। पर्व को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है।

### जनसंपर्क के दौरान दिखा रामेश्वर शर्मा का अलग अंदाज, कहीं चाय बनाते तो कहीं मोची के साथ बैठकर ठहाके लगाते दिखे

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



हुजूर विधान सभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा का सघन जनसंपर्क निरंतर जारी है। श्री शर्मा अब तक क्षेत्र के घर- घर पहुंचकर हर नागरिक से आशीर्वाद ले चुके हैं। भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए शर्मा ने नागरिकों से संवाद करते हुए कहा कि लाड़ली बहनों को आत्मनिर्भर बनाने का काम भाजपा सरकार ने किया है। युवाओं को रोजगार मिल रहा है। गरीबों का मुफ्त राशन देने का काम भाजपा सरकार कर रही है, वहीं किसानों को सम्मान स्वरूप सम्मान निधि मिल रही है। भाजपा सरकार नें हर वर्ग को साधा और अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजना का लाभ पहुंचाने का काम किया है। नागरिकों से संवाद करते हुए भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा नें कहा कि हुजूर की सेवा का प्रण है इसके लिए प्राण भी जाएं तो कम है । विकसित हुजूर बनाने के लिए हम वचनबद्ध हैं। मैं आपका एमएलए कम आपका बेटा - भाई ज्यादा हूँ। विगत 10 वर्षो से आपने मुझे जो स्नेह प्रदान किया है, मुझे विश्वास है कि वह स्नेह मुझे पुन: प्राप्त होगा। मैं चाहता हूँ कि हमारा हुजूर विकसित, सुरक्षित और हाइटेक हो। हुजूर मप्र में ही नहीं बल्कि देश में नंबर 1 बने इसके लिए आपका आशीर्वाद चाहिए। आपका एक वोट हुजूर की तस्वीर, तकदीर बदलेगा। मैं उम्मीद करता हूँ कि जब आप वोट करने जाएंगे तो आपका स्नेह और आशीर्वाद कमल का बटन दबाकर रामेश्वर शर्मा को अवश्य प्राप्त होगा। जनसम्पर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा का एक अलग ही अंदाज देखने को मिला। जनसम्पर्क के दौरान रामेश्वर शर्मा नागरिकों के प्रतिष्ठानों पर पहुँचकर उनसे आत्मीयता के साथ मिले। इस दौरान रामेश्वर शर्मा मोची की दुकान पर पहुँच कर जमीन पर बैठकर गले लगाते हुए, हलवाई की दुकान पर पहुँचकर इमरती बनाते हुए, चाय की दुकान पर पहुँचकर चाय बनाते हुए नजर आए। रामेश्वर शर्मा के इस अनोखे अंदाज को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है। समर्थकों ने उनके वीडियो को जमकर वायरल किया।

**इन कार्यक्रमों में रहे उपस्थित:** हुजूर भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा नें मंगलवार को हथाई खेड़ी में नागरिकों से भेंट, गांधीनगर में सत्संग एवं भेंट, मानसरोवर कोलार में रहवासियों से भेंट, फंदा, बिलखिरिया, दीनदयाल एवं रातीबड़ मण्डल के ग्रामीणों की बैठक, (विंध्य) के रहवासियों से भेंट, अयप्पा मंदिर से सीटीओ तक रैली, संतनगर में जनसम्पर्क, शनिमंदिर सर्वधर्म कोलार में सुंदरकांड एवं आरती कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



## परंपरा अनुसार गोवर्धन पूजा कर मनाया त्यौहार

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

करोद पलासिया गांव में राजेश यादव के निवास पर गोवर्धन पूजा पर गोवंश पूजा की गई। सभी गाय, भैंस को आरती करके तिलक किया गया और गोवर्धन की पूजा की गई। इस मौके पर राजेश यादव ने बताया कि यह हमारी परंपरा है परंपरा के अनुसार हम गोवर्धन पूजा के साथ अपना त्यौहार मनाते हैं और यह सबसे बड़ा अहीर यादव समाज का त्यौहार होता है जिसको धूमधाम से मनाया जाता है आज बड़े उल्लास के साथ में पूरे मध्य प्रदेश भोपाल वीडियो को गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं देता हूं और भगवान कृष्ण की जय करता हूं इस मौके पर हमारे पिताजी प्रभु लाल जी भाई भगवत सिंह जी और सह परिवारजन की उपस्थिति में आज गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया और आज सभी को भोपाल शहर वासियों को मेरी तरफ से गोवर्धन पूजा और भाई दूज की पूजा की शुभकामनाएं

**मतदान प्रक्रिया समाप्ति तक लगातार व्यवस्थाएं बनाये रखने के दिए निर्देश**

## निगम आयुक्त ने शहर के मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए ने मंगलवार को सायंकाल शहर के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया और समस्त व्यवस्थाओं को निरंतरता के साथ बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान निगम के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए ने कोटरा क्षेत्र स्थित नया बसेरा, माता मंदिर आदि क्षेत्रों में स्थापित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया और मतदान केन्द्रों पर पेयजल, प्रकाश, फर्नीचर, टेंट, पार्टीशन, रैंप आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त ने मतदान केन्द्र एवं आसपास तथा पहुंच मार्गों की बेहतर ढंग से साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही पेयजल, प्रकाश सहित अन्य व्यवस्थाओं को मतदान संबंधी कार्य प्रक्रिया की समाप्ति तक सभी व्यवस्थाओं को निरंतरता के साथ बेहतर से बेहतर बनाये रखने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अपने अधीनस्थ क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों पर सतत रूप से निगरानी रखें और कहीं भी किसी भी प्रकार की व्यवस्था संबंधी आवश्यकता को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## कर्मचारी मंच ने 14 दिन में लिखे प्रधानमंत्री को ओ पी एस के समर्थन में 1 लाख पोस्टकार्ड

**भोपाल।** कर्मचारी मंच ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज विशेष पत्र लिखकर मांग की है कि सरकार विदेशी पेंशन नीति का अध्ययन एवं अनुसरण करें तथा भारत में नई पेंशन योजना एनपीएस को वापस लेकर पुरानी पेंशन योजना ओ पी एस लागू करें मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच का एक नंबर 2023 से शुरू किए गया। पोस्टकार्ड अभियान का प्रदेश के एनपीएस धारक कर्मचारी बड़ी संख्या में समर्थन कर रहे हैं पोस्टकार्ड अभियान के माध्यम से 1 से 14 नवंबर 2023 तक पुरानी पेंशन योजना ओ पी एस के समर्थन में एक लाख पोस्टकार्ड भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेज दिए हैं।

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच की प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि भारत का पेंशन नीति के मामले में विश्व में 33 वे स्थान पर है विदेश में सेवानिवृत कर्मचारियों को सरकारी वेतन से ज्यादा पेंशन दी जाती है नीदरलैंड, टर्की , क्रोएशिया में कर्मचारियों की सबसे ज्यादा पेंशन है । सेवानिवृत्ति कर्मचारियों को क्रोएशिया में 129त्न पेंशन नीदरलैंड में 101त्न टर्की में 102त्न पेंशन सेवानिवृत कर्मचारियों को भुगतान की जाती है । डेनमार्क, ऑस्ट्रेलिया स्वीडन न्यूजीलैंड कनाडा सिंगापुर, नार्वे, फिनलैंड , चिले देश भी अपने सेवानिवृत्ति कर्मचारियों को भारत से ज्यादा पेंशन दे रहे हैं जबकि भारत में वर्ष 2005 से बाजारवादी पेंशन योजना कर्मचारियों के ऊपर थोप दी गई है । कर्मचारियों को पांच प्रतिशत पेंशन देने वाली न्यू पेंशन योजना एनपीएस लागू कर दी गई है जिसमें कर्मचारियों को हजार या 15 सौ रुपए मात्र पेंशन मिल रही है। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच नई पेंशन योजना एनपीएस को वापस लेने एवं पुरानी पेंशन योजना ओ पी एस को लागू करने की मांग को लेकर देश के प्रधानमंत्री के नाम पोस्टकार्ड अभियान चला रहा है । पोस्टकार्ड अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दो माह नवंबर दिसंबर में 5 लाख पोस्टकार्ड एनपीएस धारक 5 लाख कर्मचारी प्रधानमंत्री को 7 रेसकोर्स रोड नई दिल्ली भेजेंगे।

## सफाई व्यवस्था और बेहतर ढंग से सुनिश्चित की जाएं : निगम आयुक्त




सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

निगम आयुक्त श्री फ्रैंक नोबल ए ने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था का विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर अवलोकन किया और साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने, कचरा परिवहन एवं निष्पादन की व्यवस्था को भी और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्री योगेन्द्र सिंह पटेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। निगम आयुक्त श्री फ्रैंक नोबल ए ने मंगलवार को प्रात: शाहपुरा, मनीषा मार्केट, शैतान सिंह चौराहा, त्रिलंगा, ओरामॉल, तिलक नगर, बाग सेवनिया, एम्स, आई.एस.बी.टी रोड, गौतम नगर, सुभाष नगर, प्रभात चौराहा, अशोका गार्डन, पुष्पा नगर, पटेल नगर, संगम टॉकीज, नादरा बस स्टैंड, भोपाल टॉकीज, इमामी गेट, पीरगेट, मोती मस्जिद, कमला पार्क, पॉलीटेक्निक, भारत माता चौराहा, पी.एण्ड.टी चौराहा, माता मंदिर आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया। निगम आयुक्त श्री नोबल ने अनेक स्थानों पर संबंधित सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य पर्यवेक्षक से क्षेत्रीय साफ-सफाई व्यवस्था, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, कचरा परिवहन एवं निष्पादन तथा सफाई मित्रों की बीट व उपस्थिति आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त श्री नोबल ने एम्स हॉस्पिटल के गेट नंबर 04 के समीप कचरा पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कचरा तत्काल उठवाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने हरित अपशिष्ट निष्पादन केन्द्र का भी निरीक्षण किया और हरित कचरे को बेहतर ढंग से एकत्र कर कम्पोस्ट बनाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री नोबल ने कचरा वाहनों का भी अवलोकन किया और कचरा वाहनों का संचालन निर्धारित समय अनुसार करने, गीला-सूखा व अन्य प्रकार का कचरा पृथक-पृथक एकत्र करने और पृथक-पृथक ही परिवहन करने के निर्देश दिए साथ ही सभी क्षेत्रों में साफ-सफाई संबंधी समस्त कार्यों/प्रक्रियाओं को और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## एमसीयू के नवीन परिसर माखनपुरम में पहली बार मनाई दिवाली



**भोपाल ।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के नवीन परिसर माखनपुरम के लचित बोरफुकन सामुदायिक भवन (क्लब हाउस) में पहली बार रहवासियों द्वारा सुंदर काण्ड एवं दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.के.जी.सुरेश ने आयोजन पर खुशी व्यक्त हुए उम्मीद जताई कि ऐसे सामुहिक उत्सवों से आपसी भाईचारा एवं एकता की भावना और मजबूत होगी । उन्होंने कहा कि दिवाली की पूर्व संध्या पर 40 आवास और आवंटित किए गए हैं उन सबके आने से हमारा छोटा सा यह माखनपुरम पूरी तरह से बस जाएगा । उन्होंने यह भी कहा कि माखनपुरम के नवीन परिसर के बसने से आसपास के गांवों को भी सड़क यातायात सेवा, इंटरनेट कनेक्टिटी एवं सामुदायिक रेडियो और बहुत से लाभ मिले हैं । इस अवसर पर रहवासियों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी।

# कांग्रेस ने कमलननाथ को बनाया था एटीएम कार्ड: शाह



### गृहमंत्री ने मऊगंज जिले के देवतालाब में की जनसभा और जबलपुर में किया रोड शो

**भोपाल।** आपका एक वोट न केवल यहां भाजपा को जिताएगा, बल्कि आपका एक वोट आने वाले दिनों में मध्यप्रदेश और भारत का भविष्य भी तय करेगा। कांग्रेस खेमो और परिवारवाद की पार्टी है। तीन परिवार प्रदेश और देश में शासन करना चाहते हैं। कमलनाथ नकुलनाथ को और दिग्विजय सिंह जयवर्धन सिंह को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, सोनिया गांधी, राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। जब परिवार राजनीति में अपनों को स्थापित करने में लगे हो तो वो जनता का भला कैसे कर सकते हैं। यह बात केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी ने मऊगंज जिले के देवतालाब में भाजपा प्रत्याशी श्री गिरीश गौतम के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। श्री शाह जी ने कहा कि देश का भला सिर्फ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार कर सकती है। शाह ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में मध्यप्रदेश का विकास नहीं हुआ। मैं कई दिनों से कमलनाथ जी से पूंछ रहा हूं,लेकिन वो जवाब नहीं दे रहे। कांग्रेस के शासन में प्रदेश को कितना ग्रांट मिलता था। श्री शाह जी ने कहा कि 10 साल के अंदर कांग्रेस पार्टी ने सिर्फ दो लाख करोड़ रूपया दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 लाख 33 हजार करोड़ रुपया अभी तक दिया है। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने कमलनाथ को एटीएम बनाकर मध्यप्रदेश की जनता को लूटने का काम किया। सिर्फ घोटाले ही घोटाले कांग्रेस के शासनकाल में हुए। भाजपा की सरकार वापस आई तो किसानों को मिलने वाली 6 हजार की सम्मान राशि को 12 हजार रुपए किया जाएगा। प्रदेश में 93 लाख किसानों को इसका फायदा मिल रहा है। 3 करोड़ 70 लाख गरीबों को आयुष्मान भारत योजना का फायदा मिल रहा है। पांच लाख रुपए तक का इलाज फ्री में हो रहा। भाजपा फिर सत्ता में आई तो इसे 10 लाख रुपए तक किया जाएगा।

शाह जी ने कहा कि मध्यप्रदेश में 80 लाख शौचालय बनाए गए है। 82 लाख बहनों को उज्जवला गैस योजना का लाभ मिल रहा है। इस सभी बहनों को भाजपा की सरकार आने पर सिलेंडर के दाम 450 रुपए होगा।

# हम डबल इंजन, राहुल-प्रियंका डबल मनोरंजन: शिवराज सिंह

**मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में सुवासरा, मंदसौर, सैलाना, बड़नगर, उज्जैन उत्तर, घट्टिया, उदयपुरा, शमशाबाद, गंजबासोदा, विदिशा और नरेला में चुनावी सभाओं को संबोधित किया**

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को भाजपा प्रत्याशियों सुवासरा, मंदसौर, सैलाना, बड़नगर, उज्जैन उत्तर, घट्टिया, उदयपुरा, शमशाबाद, गंजबासोदा, विदिशा और नरेला में विशाल चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री चौहान ने विजयादश्मी, दीपावली और आज भाईदूज के दिन भी प्रदेश भर में 11 विधानसभाओं में सभाएं की और जनता-जनार्दन से संवाद किया। श्री चौहान ने इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए कि, आज भाई दूज पर तुम्हारे भाई का ये संकल्प है कि, बहनों की आंखों में आंसु नहीं रहने दूंगा, बहनों को मजबूर नहीं रहने दूंगा और बहनों को गरीबी के दलदल से बाहर निकालकर रहूंगा। उन्होंने कहा कि, यह मेरे लिए चुनाव का मुद्दा नहीं, यह मेरे लिए श्रृध्दा का विषय है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। श्री चौहान ने कहा कि, हमारी सरकार डबल इंजन की सरकार है, डबल इंजन की सरकार में मोदी जी वहां हैं और मामा यहां हैं, लेकिन कांग्रेस में केवल मनोरंजन है। हम डबल इंजन हैं तो वो दोनों भाई-बहन डबल मनोरंजन हैं। दोनों भाई-बहन मनोरंजन करने ही मध्यप्रदेश आते हैं और लगातार झूठ बोलते हैं। प्रियंका गांधी कहती हैं कि, 3 साल में केवल 21 लोगों को रोजगार मिला। कभी वो बता देती हैं कि, भगवान राम को 13 साल के लिए वनवास हुआ था.. अब उनको यही पता नहीं है की राम भगवान



को वनवास कितने साल हुआ था। राहुल गांधी भी कुछ भी बोलते रहते हैं, ये भाई बहन रोज झूठ बोलते हैं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस और उनके नेताओं पर हमला बोलते हुए कहा कि, कांग्रेस का भूतकाल बंटाढार था, कांग्रेस का वर्तमान जूतम पैजार है और कांग्रेस का भविष्य है, केवल हमारा परिवार। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मैडम सोनिया गांधी और यहां मध्यप्रदेश में कमलनाथ, दिग्विजय सिंह का सिर्फ एक ही लक्ष्य है हमारा परिवार बाकी पार्टी, प्रदेश की जनता और विकास से इनका कोई लेना-देना नहीं है। मिस्टर बंटाढार के जमाने में प्रदेश में न तो बिजली थी, न पानी था और न ही सड़कें थी। जबकि भारतीय जनता पार्टी सबके लिए है और भाजपा का लक्ष्य सबका साथ सबका विकास है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सुवासरा में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, हम मोदी जी के नेतृत्व में काम कर रहे हैं, सबका साथ सबका विकास ही हमारा लक्ष्य है, लेकिन कांग्रेस में ऊपर भी केवल दो यानी राहुल-प्रियंका का विकास हो रहा है और अपने मध्यप्रदेश में भी दो यानी कमलनाथ-दिग्विजय का विकास हो रहा है, बाकी कांग्रेस पूरी तरह से अनाथ हो गई है। कांग्रेस में दिग्विजय कमलनाथ के दो पाट हैं और इन दोनों पाटों के बीच कार्यकर्ता बारीक पिस रहें हैं। यही वजह है कि, हमारे कुछ साथी कांग्रेस छोड़कर हमारे पास आ गए हैं। यह कांग्रेस पार्टी कभी भी प्रदेश और जनता का भला नहीं कर सकती है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान हर त्यौहार अपनी बहनों के साथ ही मनाते हैं। चुनाव की व्यवस्तताओं के बाद भी श्री चौहान अपनी बहनों के लिए समय निकाल लेते हैं और उनके बीच पहुंच जाते हैं। धनतेरस पर बहनों के साथ खरीदारी की तो दीपावली पर भी सैंकड़ों लाड़ली बहनों के साथ दीपोत्सव मनाया। आज भाईदूज के दिन भी श्री चौहान ने दूज का ये पावन पर्व अपनी लाड़ली बहनों के साथ ही मनाया। इस दौरान बहनों ने अपने लाड़ले भैया शिवराज की आरती उतारी, माथा चूंमा और मुंह मीठा करवाया। मुख्यमंत्री ने भी बहनों के पैर छूंकर उनका आशीर्वाद लिया। बहनों के साथ भाईदूज का ये नज़ारा हर सभा से पहले देखने को मिल रहा था। भाई-बहनों के बीच का ये प्यार, दुलार, प्रेम और स्नेह देखते ही बन रहा था।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी भाई-बहनों की जिंदगी बदले इसलिए पेसा एक्ट भाजपा सरकार ने मध्यप्रदेश की धरती पर लागू किया है। अब तेंदूपत्ते की तुड़वाई 3000 रूपए नहीं बल्कि 4000 रूपए प्रति मानक बोरा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि, मैं तेंदूपत्ता तोड़ने वाले भाई बहनों के पांव में जूते-चप्पल पहनाता हूं तो कांग्रेस को तकलीफ होती है, कहते हैं कि, ये तो जूते-चप्पल पहना रहा है, मैंने कहा, जब गरीब भाई-बहन नंगे पांव होते हैं और उन्हें कांटा चुभता है तो उस दर्द को सिर्फ शिवराज ही समझ सकता है, क्योंकि वो कांटा उनके पांव में नहीं मेरे सीने में चुभता है। मेरे भाई-बहनों के साथ मेरा अंतरात्मा का रिश्ता है। ये कभी कांग्रेस और उसके नेता नहीं समझ सकते हैं।

# मसूद ने किया सघन जनसंपर्क, कई जगह मिठाई खिलाकर फलों एवं लड्डूओं से तुलादान किया



**भोपाल।** कांग्रेस प्रत्याशी आरिफ मसूद ने आज मध्य विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में सुबह से ही गहन जनसंपर्क की शुरूआत यादव मोहल्ला से की। इस दौरान मतदाताओं सहित बहनों, माताओं ने फूल, माला, साफा, पगड़ी पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर फलों एवं लड्डूओं से तुलादान कर एवं जीत का आशीर्वाद देते हुए दीपावली की मिठाई खिलाई। इस अवसर पर कॉग्रेस प्रत्याशी आरिफ मसूद ने कहा कि इन 5 सालों में मैने अपने विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं का दिल जीता है। हर कठिन समय में उनका साथ देते हुए विकास के कार्यों को भी प्राथमिकता से किया है, जिससे मतदाताओं के दिल में मेरे प्रति जो विष्वास है उसी विष्वास के सहारे इस बार भी मैं चुनावी मैदान में हूॅ और मुझे पूरी उम्मीद है कि पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार मतदाता मुझे अधिक मतों से जिताएंगे। जनसंपर्क के दौरान जिस प्रकार मतदाता मुझसे मिल रहे हैं उनमें जो अपनापन, प्रेम, स्नेह की भावना है। मैं उनका सदा आभारी रहूॅगा। जनसंपर्क यादव मोहल्ला पुरानी विधानसभा क्षेत्र से, वार्ड-19 में मस्जिद फरीदु खॉ, पुराना सेफिया कॉलेज पर तुलादान एवं व्यापारी संघ द्वारा स्वागत तथा वार्ड-43 के अषोक नगर, काली मंदिर, न्यू सुभाष नगर से वार्ड-20 के मारवाड़ी रोड (सुल्तानिया रोड), यूनानी षिफाखाना, कबीटवाली मस्जिद, डीलक्स होटल, कोतवाली रोड, महावीर टेंट हाउस, कोठे वाली गली, बुधवारा रोड, लैला बुर्ज रोड, खॅजांची गली (डॉ. अनवर), पाएगा रोड, जनरल सा. की पाएगा से भोपाल बेकरी से इतवारा चौराहा बाजे वाली गली, रोजी लॉण्ड्री, महल तब्बा मियॉ, अर्पित यादव के यहॉ स्वागत, कंजे भाई टेंट, पुराना इलाहाबाद बैंक, अट्टा सूजे खॉ चौराहा, फैसल उल्ला खान के घर, मस्जिद षकूर खॉ रोड, कुॅआ, सरवर भाई के यहॉ स्वागत, कुम्हारपुरा गली, मण्डी रोड, तेली वाली गली, मोचीपुरा, जाटव समाज मंदिर, हम्मालपुरा, अहिरपुरा, रानी जी मस्जिद लेन, रूई वाली गली, आम सभा क़ाज़ी कैम्प एवं जिंसी चौराहे पर। इस्लामपुरा बेण्डमास्टर चौराहे पर तुलादान, वार्ड-50 ईष्वर नगर, मीरा मंदिर से ईष्वर नगर दाना पानी से कचरा खन्ती, ब्लॉक नं.66, मल्टी के पास, ब्लॉक नं.74 से ब्लॉक नं.95, वाल्मिकी शेड, क्रिष्चियन मोहल्ला, सॉई मंदिर, मीरा मंदिर, जनता कॉलोनी मैदान, वार्ड-49 पर समापन किया गया।



## श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में धूमधाम से मना अन्नकूट

भोपाल। लिंक रोड नंबर दो,शिवाजी नगर स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में मंगलवार को अन्नकूट उत्सव कन्हैया जी के भजन, गरबा नृत्य और उनका स्तुति गान कर मनाया गया । इस अवसर पर मंदिर महंत पं रूपराज शर्मा जी ने अन्नकूट पर्व के महत्व को बताया और सभी श्रद्धालुओं से निवेदन किया कि उतना ही भोजन थाली में ले जितना हम खा सके । भूखे, जरूरतमंद का पेट भरना सबसे बड़ा सामाजिक सरोकार है । इस पुनीत मौके पर सुन्दरसाथ ने कन्हैया को 108 प्रकार के व्यंजन का भोग अर्पित किया। सभी समाजजन ने सामूहिक आरती की। इस अवसर पर मंदिर संस्थापक सदस्य श्रीमती कृष्णा परनामी,पंडित भीखराज त्रिपाठी,सूरज परनामी, विदुषी मीना त्रिपाठी,नरेंद्र मोहन शर्मा, हेमंत शर्मा, राजकुमार दुबे, सत्यभूषण शर्मा,पंडित रजनीश त्रिपाठी,श्रीकांत शर्मा,डॉ अतुल दुबे,मनीष त्रिपाठी,डॉ विनीत शर्मा,संदेश शर्मा,पुनीत दुबे,पन्ना लाल द्विवेदी,डॉ लालिमा शर्मा,प्रो संजना शर्मा सहित काफी संख्या में सुन्दरसाथ उपस्थित थे ।

# एम्स में विश्व मधुमेह दिवस मनाकर किया जागरुक

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

एम्स में नेत्र विज्ञान विभाग द्वारा आंतरिक चिकित्सा विभाग के सहयोग से विश्व मधुमेह दिवस मनाया गया। विश्व मधुमेह दिवस दुनिया का सबसे बड़ा मधुमेह जागरूकता अभियान है जो 160 से अधिक देशों में 1 अरब से अधिक लोगों तक पहुंचता है। यह अभियान मधुमेह जगत के लिए सर्वोपरि महत्व के मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करता है और मधुमेह को सार्वजनिक और राजनीतिक सुर्खियों में मजबूती से रखता है। मधुमेह संबंधी नेत्र रोग (विशेष रूप से मधुमेह संबंधी रेटिनोपैथी) अंधता और दृश्य हानि के नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण घटक है। हर साल, विश्व मधुमेह दिवस अभियान एक समर्पित विषय पर केंद्रित होता है जो एक या अधिक वर्षों तक चलता है। विश्व मधुमेह दिवस 2021-23 का विषय मधुमेह देखभाल तक पहुंच है।



इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ) अजय सिंह नें डाएबेटिक नेत्र रोग की समय पर जांच कराने के महत्व को बताया। साथ ही उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य देखभाल के प्रति एम्स भोपाल की प्रतिबद्धता दोहराई। डॉ. सिंह ने कहा कि बचाव इलाज से बेहतर है। इसलिए समय पर जॉच करवाए ताकि बीमारी गंभीर होने से पहले ही नियंत्रित की जा सके। इससे पूर्व उपस्थिति का स्वागत नेत्र रोग विभाग की प्रमुख डॉ. भावना शर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर रजनीश जोशी - डीन (एकेडमिक्स) और प्रमुख, मेडिसिन विभाग के विशेष अतिथि थे। प्रोफेसर जोशी ने अपने संबोधन में मधुमेह और इसकी जटिलताओं के प्रबंधन के प्रति समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता के बारे मंश बताया।

डायबिटिक रेटिनोपैथी एक संभावित रूप से अंधा कर देने वाली स्थिति है और समय पर जांच से शीघ्र निदान और उपचार में मदद मिलती है। नेत्र विज्ञान विभाग के पास डायबिटिक रेटिनोपैथी के सर्जिकल और लेजर उपचार के लिए पूर्ण रेटिना सेवा है।

## एम्स में राष्ट्रीय पैथोलॉजी एमबीबीएस क्विज के स्क्रीनिंग राउंड संपन्न

एम्स भोपाल के पैथोलॉजी एवं लैब मेडिसिन विभाग द्वारा नेशनल पैथोलॉजी एमबीबीएस क्विज प्रतियोगिता के स्क्रीनिंग राउंड आयोजित किए गए। इस नेशनल पैथोलॉजी एमबीबीएस क्विज का आयोजन इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैथोलॉजिस्ट और माइक्रोबायोलॉजिस्ट (आईएपीएम) के तत्वावधान में किया गया। देशभर से कुल 307 टीमों ने इसके लिए पंजीकरण कराया था। जबकि 218 टीमों ने इस ऑनलाइन स्क्रीनिंग राउंड में भाग लिया। टीमों को चार क्षेत्रों में बांटा गया था, और प्रत्येक क्षेत्र की दो सर्वश्रेष्ठ टीमों को विजयी घोषित किया गया। यह विजयी टीमें आगामी 30 नवंबर को एम्स भोपाल में होने वाले नेशनल पैथोलॉजी एमबीबीएस क्विज प्रतियोगिता के फाइनल दौर में भाग लेंगी। क्षेत्रवार फाइनल दौर में पहुंचने वाली टीमें है- उत्तरी क्षेत्र से एम ए एम सी, नई दिल्ली और एम्स बिलासपुर; हिमाचल प्रदेश; दक्षिणी क्षेत्र से- कोप्पल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, कर्नाटक और जेएनएमसी, बेलगाम पूर्वी क्षेत्र से- एससीबी मेडिकल कॉलेज, कटक और एम्स रायपुर, जबकि पश्चिमी क्षेत्र से- बीजेएमसी, अहमदाबाद और सेठ जीएस मेडिकल कॉलेज, मुंबई। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के स्क्रीनिंग राउंड एम्स भोपाल के पैथोलॉजी विभाग की अध्यक्ष एवं मुख्य समन्वयक डॉक्टर वैशाली वाल्के और आईएपीएम के सचिव डॉ. रंजन अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस स्क्रीनिंग राउंड को सफल बनाने में पैथोलॉजी एवं लैब मेडिसिन विभाग विभाग के संकाय सदस्यों का विशेष योगदान रहा। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने स्क्रीनिंग राउंड के सफल आयोजन पर विभाग को बधाई दी।

# एम्स में मप्र की पहली बाल चिकित्सा हेमोडायलिसिस इकाई का उद्घाटन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

बाल दिवस के अवसर पर एम्स में बाल चिकित्सा हेमोडायलिसिस यूनिट का उद्घाटन किया गया। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने इस यूनिट का उद्घाटन किया। इस यूनिट के उद्घाटन से मध्य प्रदेश और आसपास के राज्यों में गुर्दे की स्थिति से परेशान युवा रोगियों के लिए विशेष देखभाल के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक ने पीडियाट्रिक वार्ड में भर्ती बच्चों को मिठाई और गिफ्ट प्रदान किये जिसे पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।



एम्स भोपाल के बाल रोग विभाग ने आज अपनी स्थापना के 10 वर्ष पूरे होने पर छोटे बच्चों को सशक्त बनाना इस आदर्श वाक्य के साथ एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर बाल रोग विभाग को बधाई देते हुए एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर (डॉ) अजय सिंह ने कहा कि हम अपनी उपलब्धियां पर गर्व अवश्य करें लेकिन अभी शांति से ना बैठें। हमें आगे अभी बहुत कुछ करना है, उन्होंने एपेक्स ट्रॉमा सेंटर बनाने के लिए किया जा रहे प्रयासों के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने सलाह दी कि हम एक ऐसा प्रिवेंशन क्लीनिक तैयार करें जिसमें माल न्यूट्रिशन, इन्फेक्शन आदि की जानकारी दी जाए इसके अलावा क्रॉनिक बीमारियों के इलाज के लिए साउंड थेरेपी का योग के साथ मिलकर प्रयोग करने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

इससे पूर्व उपस्थिति का स्वागत विभाग की अध्यक्ष डॉक्टर शिखा मलिक ने किया। डॉक्टर भावना ढींगरा ने इन 10 वर्षों की यात्रा का विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि दो कमरों से शुरू हुई ये व्यवस्था आज अपने उत्तम मुकाम पर पहुंच चुकी है। यदि केवल पिछले वर्ष के आंकड़ों को देखा जाए तो 47000 से भी अधिक बच्चों को ओपीडी में देखा गया जबकि 4000 बच्चों का आईपीडी में इलाज किया गया। इस अवसर पर गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल की एमेरिट्स प्रोफेसर डॉ शीला भम्बल द्वारा मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में बाल चिकित्सा की यात्रा के बारे में एक अतिथि व्याख्यान दिया गया।

# स म्पा द की य

## सुरंग में फंसी चालीस जानें



उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में रविवार तड़के जिस तरह से सिल्क्यारा सुरंग का एक हिस्सा धंस गया, इससे न सिर्फ इस हादसे में फंसे सभी चालीस मजदूरों की जान बचाने की चुनौती खड़ी हो गई है, अपितु संवेदनशील क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण से जुड़े हादसों को देखते हुए इन पर अलग से विचार करने की जरूरत फिर से रेखांकित हुई है। थोड़ी राहत बात यह मानी जा सकती है कि स्थानीय प्रशासन तत्काल सक्रिय हो गया। सुरंग में फंसे मजदूरों से संपर्क स्थापित करके यह पता कर लिया गया कि वे सभी सुरक्षित हैं। उन तक ऑक्सिजन और भोजन पहुंचाने की भी व्यवस्था की गई। इन तक पहुंचने के लिए मलबे हटाते हुए एक अलग सुरक्षित रास्ता बनाने की कोशिश की जा रही है।

भले ही यह देश के एक राज्य का मामला है, फिर भी निश्चित रूप से इस मामले में इस पर पूरे देश की नजरें टिकी रहेंगी कि कितनी जल्दी सभी 40 मजदूरों को सुरक्षित निकाला जाता है। यह तो इस प्रकरण का केवल एक पहलू है। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है इस पहाड़ी राज्य में चलने वाले इंफ्रास्ट्रक्चर प्रॉजेक्टों और समय-समय पर होने वाले हादसों का। यह सुरंग बहुचर्चित चार धाम हाईवे प्रोजेक्ट का एक हिस्सा है। इस परियोजना पर सवाल भी उठे थे और मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया था। सरकार ने उस वक्त सर्वोच्च अदालत में यह दलील दी थी कि देश के रक्षा हितों के मद्देनजर यह परियोजना जरूरी है।

और इसी आधार पर सर्वोच्च न्यायालय से इस परियोजना को मंजूरी भी मिली थी। यह बात ठीक भी है कि देश के रक्षा हितों से समझौता नहीं किया जा सकता, परंतु निर्माण के पहले उन तमाम पहलुओं पर भी विचार करना चाहिए, जो लोगों की जान के लिए खतरा न बन जाएं। खैर, शुरुआती खबरों में इस हादसे को भूस्खलन का परिणाम बताया गया है, लेकिन फिलहाल राहत और बचाव कार्यों पर पूरा फोकस होने के कारण उस बारे में विस्तृत और प्रामाणिक सूचना नहीं आई है।

यह सुनिश्चित करना होगा कि हादसे से जुड़ी तात्कालिक चुनौतियों से निपटने के बाद इसके कारणों से जुड़ी रिपोर्ट पर भी बारीकी से गौर करते हुए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। ध्यान रहे, पर्यावरण के जानकार हिमालय क्षेत्र में नए कंस्ट्रक्शन और इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण को लेकर आगाह करते आए हैं। कुछ समय पहले ही जोशीमठ में जमीन धंसने की घटनाओं को लेकर यह बात दोहराई गई थी। उस वक्त भी कहा गया था कि कुछ प्रॉजेक्ट्स की वजह से जमीन धंसने की प्रक्रिया तेज हुई है।

यह बात भी सामने आई थी कि दशकों पहले की रिपोर्ट में संभावित हादसे को लेकर चेतावनी दी गई थी। इसी तरह के सवाल हिमाचल प्रदेश को लेकर भी उठाए जा चुके हैं। चिंता की बात यह है कि विशेषज्ञों की ऐसी तमाम सिफारिशें कुछ समय बाद धूल खाने लगती हैं। न तो विकास प्रक्रिया की रफ्तार पर उनका कोई खास असर दिखता है, न उसके स्वरूप में कोई बदलाव नजर आता है। सबसे बड़ी चुनौती आज भी यही है कि पहाड़ की खास जरूरतों को समझते हुए वहां के लिए विकास का नया ढांचा तय किया जाए।

हमारे सभी पहाड़ी क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से तो महत्वपूर्ण हैं ही, पारिस्थितिकी का भी अहम हिस्सा हैं। इसके बाद भी हम परियोजनाएं न बनाते समय विशेषज्ञों की सलाह को ताक में रखने के आदी हो गए हैं। पर्यावरण विशेषज्ञ चीख-चीख कर कह चुके हैं और कह रहे हैं कि हिमालय क्षेत्र में बड़ी परियोजनाएं न बनाई जाएं। टनल बनाते समय वहां की परिस्थितियों और पहाड़ी क्षेत्र की विशेषताओं का गहन अध्ययन किया जाए। कहां के पहाड़ों में स्खलन अधिक हो रहा है, कहां सड़कें धंसने लगी हैं, इस पर तो ध्यान देना ही पड़ेगा। हम केवल अपने कुछ निहित स्वार्थ या राजनीति को सामने रखकर काम करते हैं, यह ठीक नहीं।

थोड़ी भी अनदेखी कितनी गंभीर हो सकती है, यह कई बार देख चुके हैं, पर सरकारों में बैठे बड़े अफसरों पर कोई असर नहीं पड़ता। असल में खतरा उन्हें तो होता नहीं है। जो मैदान में काम करते हैं, वही फंसते हैं। उन्हीं की जान जाती है। इसलिए मंत्रालयों में बैठे लोगों से किसी के प्रति संवेदना की उम्मीद नहीं की जानी चाहिए। उन्हें अपने कुछ लाभ दिखे, परियोजना उसी आधार पर बना दी। और लागू भी करवा दी। बाद में कुछ भी हो। यह नहीं होना चाहिए। मजदूरों की जान भी महत्वपूर्ण है और अन्य मैदानी कर्मचारियों की भी।

# एक दूसरे के नहले पर दहला जड़ते मोदी और राहुल

**-अरुण पटेल**

मध्यप्रदेश में चुनाव प्रचार अभियान पूरे चरम पर पहुंच कर उसका शोर-शराबा 15 मार्च शाम को थम जायेगा इसलिए आरोप-प्रत्यारोप एवं शाब्दिक प्रक्षेपास्त्र छोड़ने की तेज गति अंतिम क्षणों में चल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता सांसद राहुल गांधी प्रचार अभियान में आमने-सामने आ गये हैं और एक-दूसरे के नहले पर दहला लगाने का कोई अवसर हाथ से नहीं जाने दे रहे। जहां तक चुनाव जीतने का सवाल है राहुल गांधी ने 150 सीटों पर कांग्रेस के जीतने का दावा किया है तो भाजपा नेतागण 150 पार का नारा लगा रहे हैं। किसके दावे में कितना दम है इसका फैसला इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों में 17 नवम्बर को मतदाता बंद कर देंगे और 3 दिसम्बर को मतगणना के साथ ही यह पता चल जाएगा कि मतदाता के गले आखिर किसकी बात उतरी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के बड़वानी में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार बनाने के लिए कांग्रेस आपसे सोने का महल बनाने का दावा कर सकती है और फिर आलू से सोना निकालने का कहेंगे। संपन्न राज्य को भी कांग्रेस बीमारु प्रदेश बना देती है। राहुल गांधी ने राजधानी भोपाल में डेढ़ घंटे का रोड-शो किया और नीमच एवं टिमरनी में भी प्रचार किया। भोपाल में रोड-शो के बाद नुक्कड़ सभा में राहुल गांधी ने कहा कि हमने नफरत के बाजार में



मोहब्बत की दुकान खोली है। उनका कहना था कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस की 145 से 150 तक सीट आना चाहिए । उन्होंने टिमरनी में कहा कि 27 लाख किसानों का कर्ज माफ हमने डेढ़ साल की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान किया था और तब ही भाजपा और बड़े-बड़े उद्योगपतियों ने आपकी सरकार आपसे चोरी कर ली। विधायकों को पैसा देकर भ्रष्ट सरकार को वापस ले आये।

राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि मध्यप्रदेश में इस समय चोरी की सरकार है । भाजपा की सरकारें अदानी जैसे उद्योगपतियों के लिए चलाई जाती हैं इसलिए प्रधानमंत्री मोदी और शिवराज सिंह चौहान ने रोजगार देने वाले छोटे-छोटे दुकानदारों व व्यापारियों को खत्म कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी के नीमच में किए गए इस दावे पर तंज करते हुए कहा कि हमने प्रदेश में 500 फैक्ट्रियां खोली हैं क्या ये फैक्ट्रियां किसी को नजर आईं। पहले कहा था कि 15 लाख रुपये एकाउंट में डाल देंगे, काले धन को मिटा देंगे।

जातिगत जनगणना केंद्र में कांग्रेस सरकार बनने पर करने का दावा करते हुए राहुल ने कहा कि नरेंद्र मोदी जहां भी जाते थे वहां कहते थे कि मैं ओबीसी हूं और जबसे मैंने जाति जनगणना करने की बात कही है तबसे वे कहने लगे हैं कि हिंदुस्तान में कोई जाति नहीं है सिर्फ गरीब हैं, देश में केवल एक ही ओबीसी है नरेंद्र मोदी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को घेरते हुए चुनावी सभाओं में कहा कि कांग्रेसी नेता मध्यप्रदेश को अंधेरे कुएं में धकेलने के लिए जिम्मेदार हैं। भाजपा मध्यप्रदेश को अंधकार से बाहर निकाल कर लाई, जहां-जहां से कांग्रेस साफ हुई है वहा-वहां खुशहाली आई और जहां फिर से कांग्रेस की सरकार बनी वहां फिर से समृद्ध राज्य भी संकट में घिर गये हैं। मोदी का कहना था कि मध्यप्रदेश भाजपा का संकल्प पत्र प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जायेगा और गरीबों को मजबूत करेगा, ये भाजपा का ट्रैक रिकार्ड है कि वह जो कहती है वह करके दिखाती है। आप लिख कर रख लीजिए आपसे किए गए सारे वादे पूरे होंगे और यह मोदी की गारंटी है। उनका आरोप है कि कांग्रेस शासित राज्यों में काली कमाई के ढेर निकल रहे हैं, मध्यप्रदेश में कांग्रेस कब्जा जमाना चाहती है और सत्ता मिलते ही वह लूट का कारोबार करेगी।

वहीं दूसरी ओर राहुल गांधी ने पलटवार करते हुए कहा कि सबसे भ्रष्ट सरकार मध्यप्रदेश की है यहां क्यों नहीं आती ईडी। मध्यप्रदेश में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सांसद विष्णु दत्त शर्मा का दावा है कि हम हर बूथ जीतेंगे और मध्यप्रदेश में कमल ही खिलेगा। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ कह रहे हैं कि यह चुनाव मध्यप्रदेश के भविष्य का है इसलिए चुनिए कांग्रेस सरकार। अब देखने वाली बात यही होगी कि राजनेताओं के इन दावों पर मतदाता अपना हथौड़ा चलाते हुए किसके सपनों के संसार को दिवास्वप्न में में तब्दील करते हैं और किसको पांच साल के लिए सत्ता की बागडोर सौंपेंगे।

# हिन्दू भाई-बहन के पवित्र प्यार का पर्व है भैया दूज

**ललित गर्ग**

हिन्दू समाज में भाई-बहन के पवित्र रिश्तों का प्रतीक पर्व है यह भैया दूज पर्व। दीपावली पांच पर्वों का संगम है, उसी से जुड़ा है यह पर्व। एक ऐसा पर्व जो घर-घर मानवीय रिश्तों में नवीन ऊर्जा का संचार करता है। बहनों में उमंग और उत्साह को संचरित करता है, वे अपने प्यारे भाइयों के टीका लगाने को आतुर होती हैं। बेहद शालीन और सात्विक यह पर्व सदियों पुराना है। इस पर्व से भाई-बहन ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवीय संवेदनाओं का गहरा नाता रहा है। भाई और बहन के रिश्ते को यह फौलाद-सी मजबूती देने वाला है। आदर्शों की ऊंची मीनार है। सांस्कृतिक परंपराओं की अद्वितीय कड़ी है। रीति-रिवाजों का अति सम्मान है। भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को फिर स्थापित करने, एक श्रेष्ठ और मूल्यनिष्ठ समाज एवं परिवार की स्थापना करने, पूरे विश्व को एकता, सौहार्द एवं प्रेम के सूत्र में बांधने तथा सभी मनुष्यों को पवित्रता के संकल्प में बंधकर हर एक को इसकी पहल करने का अलौकिक संदेश देता है भैया दूज का पर्व।



भैया दूज भारत में कई जगह अलग-अलग नामों के साथ मनाई जाती है। बिहार में भिन्न रूप में मनाया जाता है, जहां बहनें भाईयों को खूब कोसती हैं फिर अपनी जबान पर कांटा चुभाती हैं और क्षमा मांगती हैं। भाई अपनी बहन को आशीष देते हैं और उनके मंगल के लिए प्रार्थना करते हैं। गुजरात में यह भाई बीज के रूप में तिलक और आरती की पारंपरिक रस्म के साथ मनाया जाता है। महाराष्ट्र और गोवा के मराठी भाषी समुदाय के लोग भी इसे भाई बीज के तौर पर मनाते हैं। यहां बहने फर्श पर एक चैकोर आकार बनाती हैं, जिसमें भाई करीथ नाम का कड़वा फल खाने के बाद बैठता है। भैया दूज के बहाने स्वजनों और भाइयों से भेंट की भावना छिपी होती थी। सभी शादीशुदा लड़कियां अपने ससुराल में भाई को बुलाती है और खूब सत्कार करती है।

बहन के द्वारा भाई की रक्षा के लिये मनाये जाने वाले इस पर्व को हिन्दू समुदाय के सभी वर्ग के लोग हर्ष उल्लास से मनाते हैं। इस पर्व पर जहां बहनें अपने भाई को टीका लगाकर उनके जीवन रक्षा, दीर्घायु व सुख समृद्धि की कामना करती हैं तो वहीं भाई भी सगुन के रूप में अपनी बहन को उपहार स्वरूप कुछ भेंट देने से नहीं चूकते। यह पर्व कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। पारिवारिक सुदृढ़ता, सांस्कृतिक मूल्य एवं आपसी सौहार्द के लिये त्यौहारों का विशेष महत्व है। इन्हीं त्यौहारों में भाई-बहन के आत्मीय रिश्ते को दर्शाता है यह एक अनूठा त्यौहार। इस पर्व के पीछे यही संदेश है कि भाई-बहन के संबंध में पवित्रता, स्नेह, प्रेम, सहयोग, सौहार्द एवं अहिंसा की जैसी पवित्र भावना है, चह भावना हमें सभी मनुष्यजनों तथा सभी प्राणियों के प्रति धारण करनी चाहिए। ऐसे आचरण से ही इंसान इंसान बन सकता है। भैया दूज का आध्यात्मिक महात्म्य भूलने के कारण ही मर्यादाओं का दायरा सिकुड़ रहा है, महिलाओं एवं बहनों पर अत्याचार-व्यभिचार बढ़ रहे हैं। आज भाईयों की बहनों के प्रति रक्षा भावना एवं आत्मीयता कमजोर होती जा रही है। इसलिये समय की मांग है कि हम भैया दूज के सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महात्म्य को जाने और उसे अपने जीवन में दृढ़तापूर्वक अपनाएं। तभी हमारे भीतर व्याप्त आसुरी प्रवृत्तियों का नाश हो सकता है और समाज में सच्ची शांति, प्रेम, सौहार्द एवं विश्वबंधुत्व की भावना का पुन: संचार हो सकता है।

इस त्यौहार को मनाने के पीछे की ऐतिहासिक कथा भी निराली है। पौराणिक आख्यान के अनुसार भगवान सूर्य नारायण की पत्नी का नाम छाया था। उनकी कोख से यमराज तथा यमुना का जन्म हुआ था। यमुना यमराज से बड़ा स्नेह करती थी। यमुना ने अपने भाई यमराज को आमंत्रित किया कि वह उसके घर आकर भोजन ग्रहण करें, किन्तु व्यस्तता के कारण यमराज उनका आग्रह टाल जाते थे। यमराज ने सोचा कि मैं तो प्राणों को हरने वाला हूं। मुझे कोई भी अपने घर नहीं बुलाना चाहता। बहन जिस सद्भावना से मुझे बुला रही है, उसका पालन करना मेरा धर्म है। बहन के घर आते समय यमराज ने नरक निवास करने वाले जीवों को मुक्त कर दिया। यमराज को अपने घर आया देखकर यमुना की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने स्नान कर पूजन करके व्यंजन परोसकर भोजन कराया। यमुना द्वारा किए गए आतिथ्य से यमराज ने प्रसन्न होकर बहन को वर दिया कि जो भी इस दिन यमुना में स्नान करके बहन के घर जाकर श्रद्धापूर्वक उसका सत्कार ग्रहण करेगा उसे व उसकी बहन को यम का भय नहीं होगा। तभी से लोक में यह पर्व यम द्वितीया के नाम से प्रसिद्ध हो गया। भाइयों को बहनों टीका लगाती है, इस कारण इसे भातृ द्वितीया या भाई दूज भी कहते हैं।

इस पूजा में भाई की हथेली पर बहनें चावल का घोल लगाती हैं। उसके ऊपर सिन्दूर लगाकर कद्दू के फूल, पान, सुपारी मुद्रा आदि हाथों पर रखकर धीरे-धीरे पानी हाथों पर छोड़ते हुए मंत्र बोलती हैं कि 'गंगा पूजे यमुना को यमी पूजे यमराज को, सुभद्रा पूजा कृष्ण को, गंगा यमुना नीर बहे, मेरे भाई की आयु बढ़े'। एक और मंत्र है- 'सांप काटे, बाघ काटे, बिच्छू काटे जो काटे सो आज काटे' इस तरह के मंत्र इसलिए कहे जाते हैं क्योंकि ऐसी मान्यता है कि आज के दिन अगर भयंकर पशु भी काट ले तो यमराज भाई के प्राण नहीं ले जाएंगे। संध्या के समय बहनें यमराज के नाम से चौमुख दीया जलाकर घर के बाहर रखती हैं।

इस दिन एक विशेष समुदाय की औरतें अपने आराध्य देव चित्रगुप्त की पूजा करती है। स्वर्ग में धर्मराज का लेखा-जोखा रखने वाले चित्रगुप्त का पूजन सामूहिक रूप से तस्वीरों अथवा मूर्तियों के माध्यम किया जाता हैं। वे इस दिन कारोबारी बहीखातों की पूजा भी करते हैं। ऐसी भी मान्यता है कि यदि बहन अपने हाथ से भाई को भोजन कराये तो भाई की उम्र बढ़ती है और जीवन के कष्ट दूर होते हैं। इस दिन बहनें भाइयों को चावल खिलाती है। यदि कोई बहन न हो तो गाय, नदी आदि स्त्रीत्व का ध्यान करके अथवा उसके समीप बैठ कर भोजन कर लेना भी शुभ माना जाता है।

भैया दूज के बारे में प्रचलित कथाएं सोचने पर विवश कर देती हैं कि कितने महान उसूलों और मानवीय संवेदनाओं वाले थे वे लोग, जिनकी देखादेखी एक संपूर्ण परंपरा ने जन्म ले लिया और आज तक बदस्तूर जारी है। आज परंपरा भले ही चली आ रही है लेकिन उसमें भावना और प्यार की वह गहराई नहीं दिखायी देती। अब उसमें प्रदर्शन का घुन लग गया है। पर्व को सादगी से मनाने की बजाय बहनें अपनी सज-धज की चिंता और तिलक के बहाने कुछ मिलने के लालच में ज्यादा लगी रहती हैं। भाई भी उसकी रक्षा और संकट हरने की प्रतिज्ञा लेने की बजाय जेब हल्की कर इतिश्री समझ लेता है। अब भैया दूज में भाई-बहन के प्यार का वह ज्वार नहीं दिखायी देता जो शायद कभी रहा होगा। इसलिए आज बहुत जरूरत है दायित्वों से बंधे भैया दूज पर्व का सम्मान करने की। क्योंकि भैया दूज महज तिलक लगाने एवं उपहार देने की परंपरा नहीं है। लेन-देन की परंपरा में प्यार का कोई मूल्य भी नहीं है। बल्कि जहां लेन-देन की परंपरा होती है वहां प्यार तो टिक ही नहीं सकता। ये कथाएं बताती हैं कि पहले खतरों के बीच फंसे भाई की पुकार बहन तक पहुंचती तो बहन हर तरह से भाई की सुरक्षा के लिये तत्पर हो जाती। आज घर-घर में ही नहीं बल्कि सीमा पर भाई अपनी जान को खतरे में डालकर देश की रक्षा कर रहे हैं, उन भाइयों की सलामती के लिये बहनों को प्रार्थना करनी चाहिए तभी भैया दूज का यह पर्व सार्थक बन पड़ेगा और भाई-बहन का प्यार शाश्वत एवं व्यापक बन पायेगा।

# ज़हरीली हवा: हम कब सुधरेंगे ?

**राकेश दुबे**

दीपावली पर गैरजिम्मेदार व्यवहार से दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में जहरीली हवा बही,परंतु कुदरत की फुहार से उसमें बड़ी राहत मिली । लोग चैन की सांस लेने लगे । यूँ तो सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद दिल्ली व केंद्र सरकार कार्रवाई करने की बात कर रहे थे, लेकिन दीपावली पर जमकर हुई आतिशबाजी ने एक बार फिर उन लोगों के अरमानों पर पानी फेर दिया जो प्रदूषण कम होने से राहत की उम्मीद लगाए थे।

दीपावली के बाद अगली सुबह दर्ज आंकड़ों ने फिर दिल्ली की जहरीली हुई हवा की हकीकत बता दी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद जमकर आतिशबाजी हुई और सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक नौ सौ पार कर गया। यह विडंबना ही है कि लोग संपन्नता के प्रदर्शन व क्षणिक सुख के लिये दूसरों के जीवन से खिलवाड़ करने से बाज नहीं आते। यह विचारणीय विषय है कि जब शीर्ष अदालत के आदेश के अनुसार दिल्ली व आसपास के इलाकों में पटाखों की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा हुआ था तो इतने पटाखे कैसे फूटे? जाहिर है, तंत्र की नाकामी ही सामने आई। अब इस मुद्दे पर जमकर राजनीतिक बयानबाजी हो रही है।

दिल्ली सरकार का आरोप है कि दिल्ली में तो पटाखों पर प्रतिबंध था लेकिन भाजपा शासित हरियाणा में पटाखों पर रोक नहीं लगाई गई, जिसके चलते हरियाणा से लगते दिल्ली के इलाकों में जमकर पटाखों की खरीद-फरोख्त हुई। सवाल यह भी कि दिल्ली शासन-प्रशासन ने इस पर अंकुश लगाने की पहल क्यों नहीं की? निश्चित रूप से नागरिक के रूप में तो हमारी यह विफलता है, लेकिन तंत्र भी अपनी नाकामी को नहीं छुपा सकता। दिल्ली सरकार व भाजपा के आरोप-प्रत्यारोपों के बीच मानवता इस संकट की कीमत चुका रही है। जो एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। बेहतर होता कि इस स्थिति को टालने के प्रयास किये जाते और राजनीतिक दल मतभेद भुलाकर सामने आते।

यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि दीपावली के दूसरे दिन एक्यूआई का स्तर नौ सौ का आंकड़ा पार कर गया। जो दुनिया में भारतीय तंत्र की नाकामी की वजह से देश की प्रतिष्ठा पर आंच लाने वाला है। विडंबना है कि जब सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्देश में कहा था कि बेरियम से बने पटाखों पर बैन है तो यह प्रतिबंध सिर्फ दिल्ली-एनसीआर पर ही नहीं, हर राज्य पर लागू होता है। सवाल यह है कि दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रों वाले पड़ोसी राज्यों का पुलिस प्रशासन यदि सख्ती दिखाता तो यह संकट इतना गहरा नहीं होता। यदि सतर्कता बरती जाती तो नौ-दस नवंबर की बारिश से जो राहत मिली थी, वह किसी सीमा तक बरकरार रह सकती थी। इस बारिश से करीब पचास फीसदी प्रदूषण कम हो गया था। मगर भारी आतिशबाजी के चलते तेरह नवंबर को दिल्ली के लाजपत नगर में वायु गुणवत्ता सूचकांक साढ़े नौ सौ से अधिक दर्ज किया गया।

इस आतिशबाजी से देश में एक्यूआई चार गुना होने की बात कही जा रही है। देश के कई भागों में पटाखे जलाने के बाद वातावरण में प्रदूषित धुएं की काली परत देखी गई। जो प्रदूषण के खतरनाक स्थिति तक पहुंचने का परिचायक है। यह स्थिति पिछले कुछ सालों से बदतर हालात को दर्शाती है। यह संकट कितना घातक है कि कई स्थानों पर प्रदूषण का पी.एम. 2.5 का स्तर 45 गुना तक बढ़ा पाया गया। इसी तरह पी.एम.10 का स्तर 33 फीसदी तक बढ़ा पाया गया। ये कण इतने घातक हैं कि सांस के जरिये मनुष्य के शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। इनकी हवा में उपस्थिति आदमी के लिये नुकसानदायक हो सकती है। बहरहाल इतना तय है कि एक नागरिक के तौर पर जब तक हम जिम्मेदार व्यवहार नहीं करेंगे, यह संकट समाप्त नहीं होगा। संवेदनहीन तंत्र हर बार कोर्ट की चाबुक के बाद जागता है लेकिन फिर अपनी सुप्त अवस्था में चला जाता है। यह स्थिति जनता की सक्रियता व जिम्मेदार व्यवहार से ही सुधरेगी। इस भयावह संकट की आहट को हर नागरिक को महूसस करना होगा।

# डीपफेक: भारत दुनिया के असुरक्षित देशों में छठे स्थान पर

**राकेश दुबे**

विश्व के साथ भारत में भी सोशल मीडिया का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या अप्रत्याशित रूप से बढ़ी है। लोग सहज भाव से अपनी फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते रहते हैं, लेकिन वे इससे जुड़े ख़तरों से सचेत नहीं हैं। काफी पहले से ही यह आशंका जतायी जा रही थी कि आने वाले समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिये अपराधी तत्वों द्वारा खतरनाक मंसूबों को अंजाम दिया जा सकता है। इस खतरे को देख आईटी विशेषज्ञ चेताते भी रहे हैं। हाल ही में बॉलीवुड की एक नायिका के वीडियो में छेड़छाड़ करके उसे विकृत करने के मामले ने इन आशंकाओं की हकीकत को बताया है।

दरअसल, डीपफेक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई के टूल द्वारा छवियों और वीडियो को शरारतन बदलने का वह जरिया है, जिससे समाज में भ्रामक स्थिति पैदा की जा सकती है। उसमें वह कहा या होता दिखा दिया जाता है जो वास्तव में होता ही नहीं है। लेकिन असली होने का भ्रम पैदा करता है। निश्चित ही जिस व्यक्ति को निशाने पर लिया जाता है उसके लिये इससे असहज व अपमानजनक स्थिति पैदा हो जाती है। यकीनी तौर पर डीपफेक के जरिये भ्रामक सूचना प्रसारित करने व गोपनीयता उल्लंघन की क्षमता चिंता बढ़ाने वाली है। आईटी साधनों के जरिये अपराधी सोच के लोग क्राइम करने, किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा को क्षति पहुंचाने, चुनाव के संवेदनशील समय का दुरुपयोग करने तथा लोगों का लोकतांत्रिक संस्थानों में विश्वास कम करने का कुत्सित प्रयास कर सकते और कर भी रहे हैं।

एक रिपोर्ट में बताया गया है कि ऑनलाइन सभी डीपफेक वीडियो में 98 फीसदी वयस्कों से जुड़ी सामग्री होती है। जो ज्यादातर महिलाओं को निशाना बनाती है। सबसे ज्यादा चिंता की बात तो यह है कि भारत दुनिया के असुरक्षित देशों में छठे स्थान पर आता है। हाल ही में बॉलीवुड की अभिनेत्री के वीडियो से छेड़छाड़ के प्रकरण ने शासन-प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। साथ ही देश में वायरल फुटेज के लिये दोषी लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की भी मांग तेज हुई है। दरअसल, हाल के दिनों में सोशल मीडिया का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या अप्रत्याशित रूप से बढ़ी है। लोग सहज भाव से अपनी फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते रहते हैं। जो ऐसे खतरों की जद में लगातार बने रहते हैं।

इस प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए केंद्र सरकार भी हरकत में आई है। केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के संचालकों को निर्देश दिये हैं कि उपयोगकर्ताओं से जुड़ी किसी भी फोटो व वीडियो आदि के दुरुपयोग का मामला प्रकाश में आने पर 24 घंटे के भीतर ऐसी सामग्री को उस प्लेटफॉर्म से हटा लिया जाए। इस खतरे से प्रभावित लोगों को एफआईआर दर्ज कराने और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को तुरंत सूचित करने को कहा गया है। हां, यह उल्लेखनीय है कि आईटी आधिनियम 2000 के तहत दोषी व्यक्ति को तीन साल तक जेल की सजा दी जा सकती है। इस कानून में एक लाख तक के जुर्माने का भी प्रावधान है। ऐसा कोई भी व्यक्ति जो संचार उपकरणों या कंप्यूटर के जरिये किसी की छवि खराब करने या धोखाधड़ी करने का प्रयास करता है, वह सजा के दायरे में आएगा। निस्संदेह, सार्वजनिक जीवन में जनता का विश्वास हासिल करने के लिये दोषियों को सख्त सजा देना जरूरी है।

एक अनुमान के अनुसार दुनिया में इस साल सोशल मीडिया साइटों पर पांच लाख वीडियो और ऑडियो डीपफेक के जरिये साझा किये गए हैं। इस चुनौती को देखते हुए दुनिया के कई विकसित राष्ट्र इस समस्या के समाधान के लिये गंभीर प्रयास कर रहे हैं। यहां तक कि ब्रिटेन का ऑनलाइन सुरक्षा विभाग डीपफेक पोर्न को साझा करने को अपराध की श्रेणी में रखता है। चीन में भी उपयोगकर्ता की सहमति के बिना डीपफेक तैयार करने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि किसी भी संशोधित सामग्री का खुलासा करना अनिवार्य हो। वहीं दूसरी ओर दक्षिण कोरिया ने भी सार्वजनिक हितों को नुकसान पहुंचाने वाले डीपफेक को साझा करने को अवैध बना दिया है।

भारत सरकार को इस घातक तकनीक के खतरों को महूसस करते हुए ऐसे मामलों की गंभीरता से जांच करनी चाहिए। बॉलीवुड अभिनेत्री के साथ हुई घटना को खतरे की घंटी मानते हुए देश में एक फुलप्रूफ व्यवस्था बनाने का प्रयास करना चाहिए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# निर्वाचन प्रेक्षक ने मतदान केंद्र एवं चेक पोस्टों का किया निरीक्षण

**शहडोल** – भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शहडोल जिले के विधानसभा क्षेत्र जैतपुर हेतु नियुक्त प्रेक्षक श्री हरिश्चंद्र कंडपाल ने विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए मतदान केंद्र प्राथमिक एवं माध्यमिक पाठशाला लालपुर, सेमरा मतदान केंद्र एवं बटुरा चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारी को निर्देशित किया मतदान केंद्रों में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बटूरा चेक पोस्ट के दौरान चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस बल को निर्देशित किया कि आने-जाने वाहनों पर कड़ी निगरानी रखी जाए एवं आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन भी सुनिश्चित किया जाए।

# नंद के पक्ष में रैली निकाल अपनी अंतिम ताकत झौकेंगे कांग्रेस

**सिवनी**– सिवनी विधानसभा कांग्रेस युवा प्रत्याशी आनंद पंजवानी के समर्थन में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन दिनांक 15 /11/2023 दिन बुधवार को सुबह 10 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन से विशाल रैली निकाली जायेगी। रैली बाहुबली चैक से मिशन स्कूल के सामने, गणेश चैक होते हुए शुक्रवारी से गिरजाकुंड से दुर्गाचैक से मठमंदिर होते हुए छिन्दवाड़ा चैक पंहुचेगी जहॉं आम सभा रखी गयी है, आम सभा को आनंद पंजवानी एवं कांग्रेस के वरिष्ठ जन सम्बोधित करेंगे।जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने जिला कांग्रेस पदाधिकारी, सभी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष गण, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि, कांग्रेस के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, सभी मोर्चा, प्रकोष्ठ, विभाग के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता, कांग्रेस जन व आम नागरिक जनों से आनंद पंजवानी के समर्थन में निकाले जाने वाली रैली एवं आम सभा को सफल बनाने उपस्थिति हेतु अपील की है।

# भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में नेता अभिनेता रवि किशन व सुनील लहरी नगर मे करेंगे रोड शो

**सिवनी**– सिवनी विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन नगर आज 15 नवंबर को नेता, अभिनेता रवि किशन एवं सुनील लहरी के साथ रोड शो कर जन आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। दोपहर 01ः00 बजे भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन बाहुबली लान विधानसभा चुनाव कार्यालय से फिल्म अभिनेता एवं गोरखपुर से भाजपा सांसद रवि किशन एवं प्रसिद्ध धारावाहिक रामायण मे भगवान श्री राम के अनुज भ्राता श्री लक्ष्मण जी का किरदार निभाने वाले सुनील लहरी के साथ रोड शो करते हुए नगर के कचहरी चौक, बड़ा मिशन स्कूल, गणेश चौक, छोटा मिशन स्कूल, जैन मंदिर, शुक्रवारी, नेहरू रोड, गिरजा कुंड, नगर पालिका चौक, लक्ष्मी नारायण मंदिर, बस स्टैण्ड, मालू पेट्रोल पंप, पोस्ट आफिस, जनपद, कचहरी चौक होते हुए पुनः बाहुबली लान पहुंचेगे। रोड शो के दौरान दिनेश राय मुनमुन आमजन से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे

# मतदान दल जिम्मेदारी के साथ अपने मतदान केन्द्र की सामग्री स्वयं प्राप्त करें

छतरपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. ने छतरपुर जिले के सभी छः विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्रों के मतदान दलों को निर्देश दिए कि 17 नवंबर को होने वाले मतदान में पूरी जिम्मेदारी के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जी.आर. ने मंगलवार को उ.मा. विद्यालय क्रमांक 1 छतरपुर स्थित सामग्री वितरण केन्द्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मतदान सामग्री के साथ मतदान दलों को मतदान केंद्रों के लिए 16 नवंबर को रवाना किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि मतदान दल के सदस्य अपने केंद्र की सामग्री स्वयं ही पूरी जिम्मेदारी के साथ प्राप्त करें और सामग्री स्वयं उठायें। किसी दूसरे पर निर्भर न रहें। उन्होंने निरीक्षण करते हुए थैले में पैक की गई सामग्री को चेक किया कि पैकिंग आदि में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग तो नहीं है और स्वयं थैले को उठाकर कर देखा। साथ ही सामग्री वितरण केन्द्र पर आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में भी निर्देशित किया।

### शिवराज की जनसभा में उमड़ा जनसैलाब - बरेली नगर हुआ भगवामय

# शिवराज की सभा से बदले उदयपुरा विधानसभा के समीकरण, सैकड़ों ठाकुर और अहिरवार समाज के लोगों ने की सदस्यता ग्रहण

बरेली । मंगलवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उदयपुरा विधानसभा भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र शिवाजी पटेल के जन समर्थन में बरेली हांकी ग्राउंड में 3 बजे सभा को संबोधित किया 7 मुख्यमंत्री की जनसभा में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा चारों तरफ लोगों का जन सैलाब देखा गया बरेली हेलीकॉप्टर स्थल से कार्यक्रम स्तर तक हजारों की संख्या में जनता ही जनता देखी गई 7

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभा को संबोधित करते हुए कहां कि इस दौरान मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि, ऐसा कोई सगा नहीं, जिसे कांग्रेस ने ठगा नहीं। मैडम प्रियंका गांधी कह रही थी कि, मामा तो कंस भी था। मैडम प्रियंका आप वैसे ही काम करते हो तो आपको कंस ही दिखाई देगा। इनके राष्ट्रीय अध्यक्ष कहते हैं कि, हम भाजपा के पांच पांडवों से लड़ रहे है, फिर ये तो कौरव हुए। कांग्रेस कभी भी रिश्तों को समझ नहीं सकती है। वहीं मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री मोदी जी की तारीफ करते हुए कहा कि, श्री नरेंद्र मोदी जी का आभार है कि, उन्होंने गरीब कल्याण अन्न योजना को 5 साल तक के लिए और बढ़ा दिया। मैं उनको हृदय से धन्यवाद देता हूं।

यह केवल नरेंद्र का चुनाव नहीं है यह मध्य प्रदेश के विकास और प्रकृति का चुनाव है कहां नरेन्द्र शिवाजी पटेल उदयपुरा विधानसभा से चुनाव जीतेंगे तो उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के विकास से कोई कमी नहीं आने दूंगा बरेली जीती है जब ही मेरी सरकार बनती है 2013 में अपने भारतीय जनता पार्टी को आशीर्वाद दिया था रामकिशन पटेल यहां से विधायक था 2013 से 18 के बीच विधानसभा में हुआ विकास किसी से छुपी नहीं है चाहे बरेली में पॉलिटेक्निक कॉलेज, बरेली सिविल हॉस्पिटल ,नर्मदा नल-जल योजना, ग्राम देवरी को नगर परिषद तहसील का दर्जा, फोरलेन सड़क सहित बरेली उदयपुर नगर की मुख्य मार्ग सड़क गांव गांव सड़कों का जाल सहित क्षेत्र में हुई विकास कार्यो ने कीर्तिमान स्थापित किया था फर्क आपके सामने हैं मुख्यमंत्री ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां भी गिनवाई 7 मध्यप्रदेश में एकतरफा आशीर्वाद देकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार फिर से बनाना है।

**कांग्रेस के सत्ता में आने का रास्ता बंद कर दीजिए:** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, सवा साल में ही कांग्रेस ने जनहित की योजनाओं को बंद करने का पाप किया था। हम बैगा, भारिया, सहरिया बहनों को एक हजार रूपए देते थे, कांग्रेस ने बंद कर दिए। हम बेटियों की शादी करवा कर उन्हें पैसा देते थे लेकिन कांग्रेस ने बेटियों के साथ भी धोखा किया। हम बड़े-बुजुर्गों को तीर्थ दर्शन के लिए भेजते थे, कांग्रेस ने योजना ही बंद कर दी। हम मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप और साईकिल देते थे, कमलनाथ ने वो भी बंद




कर दिया। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, अगर कांग्रेस की सरकार आई तो वह लाड़ली बहना योजना भी बंद कर देगी, फिर ना लाड़ली रहेगी ना बहना रहेगी, इसलिए कांग्रेस के सत्ता में आने वाले रास्ते को ही बंद कर दीजिए।

**भाजपा को एकतरफा आशीर्वाद दें :** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए जनसमुदाय से मध्यप्रदेश में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में देश नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है, और डबल इंजन की सरकार में मोदी जी के आशीर्वाद से हमने मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य से विकसित राज्यों की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है लेकिन मध्यप्रदेश को विकास की राह पर और भी आगे ले जाकर स्वर्णिम मध्यप्रदेश बनाना है। जिसके लिए मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार जरूरी है। इसलिए प्रदेश में भाजपा के सभी प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाना है और मध्यप्रदेश में एकतरफा आशीर्वाद देकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार फिर से बनाना है।

**उदयपुरा विधानसभा के विकास में नहीं आने दूंगा कमी:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उदयपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दूंगा नरेंद्र शिवाजी पटेल लगनशील भाजपा कार्यकर्ता है आपको विश्वास दिलाता हूं उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र का विकास यह चुनाव सुनिश्चित करने जा रहा है यह मेरे लिए विधानसभा नहीं मेरा घर है 7

**बदलने समीकरण :**

मुख्यमंत्री की बरेली में सभा होने से क्षेत्र के समीकरण बदल बदले दिखाई देने लगे हैं भाजपा के जन समर्थन में माहौल दिख रहा है 7 राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि शिवराज की सभा उदयपुरा विधानसभा के समीकरण बदलने के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी 7

**यह रहे मौजूद :** इस बीच उप्र सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, पूर्व विधायक रामकिशन पटेल,जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष रामकिशन चौहान,जिला प्रभारी सुधीर अग्रवाल, विधानसभा चुनाव प्रभारी सुरेंद्र तिवारी, आकांक्षी विधानसभा प्रभारी भगवंत सिंह कुशवाह, विधानसभा संयोजक प्रहलाद लोधी, नपं अध्यक्ष हेमंत चौधरी, पूर्व अध्यक्ष सुरेश पाठक,श्रवण पटेल,हरनाम सिंह राजपूत, श्रमिक आयोग अध्यक्ष भागचंद उइके, जोधाराम ठाकुर, जोधा सिंह अटवाल, नेपाल सिंह राजपूत,राजेन्द्र ठाकुर,सीमा चौहान, जिला सह-मीडिया प्रभारी रोहित चौधरी सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे7

# पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने नजीराबाद में कॉंग्रेस प्रत्याशी के पक्ष की जनसभा



बैरसिया। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा बैरसिया विधानसभा क्षेत्र की कांग्रेस प्रत्याशी जयश्री हरिकरण के पक्ष में मंगलवार को नजीराबाद में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहां की भाजपा नेताओं ने प्रदेश में जमकर भृष्टाचार किया है।

दिग्विजय सिंह ने भाजपा नेताओं पर आरोप लगाया कि ठेका लेना के लिए कमीशन विधायक ,सांसद, निधि में कमीशन जहाँ देखो वहाँ कमीशन का खेल चल रहा है देश के प्रधानमंत्री को प्रदेश के भाजपा नेताओं पर नही है भरोसा उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मध्य प्रदेश के भाजपा नेताओं पर भरोसा नही है इस लिए प्रदेश की चुनावी सभाओं में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जन सभाए कर रहे है।

**130 से ज्यादा सीटें जीतने का दावा:** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि प्रदेश की जनता प्रदेश की भृष्ट एवं कमीशन खोरी की सरकार से ऊब चुकी है इसलिए प्रदेश की जनता बदलाब चाह रही है।इससे इस बात का संकेत है कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बन रही है।उन्होंने दावा किया है कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को 130 से अधिक सीटे मिलेगी।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का मतलब होता है बदलाव और बदलाव से ही हमारा लोकतंत्र मजबूत होता है।

**भाजपा से बढ़ा झूठा कोई नही।:** दिग्विजय सिंह ने कहा कि भाजपा द्वारा लोगो को बांटना भगवान के नाम पर नफरत फैलाना और झूठ बोलना इनका काम है।इनसे बड़ा झूठा कोई नही। उन्होंने कहा कि भगवान प्रभु श्री राम सबके हैं वह हमारे सबके हृदय में बसे हुए हैं

अंत मे नजीराबाद की जनसभा में कहा कि बैरसिया विधानसभा का विधायक विष्णु खत्री बैरसिया विधानसभा क्षेत्र के लिए खतरा है।यहां भृष्टाचार का खुला खेल चल रहा है।अगर भृष्टाचार से मुक्ति चाहिए और क्षेत्र का विकाश चाहिए तो कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती जयश्री हरिकरण के पक्ष में मतदान कर जिता कर विधान सभा मे भेज दो मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बन रही है।

पूर्व सांसद सुरेन्द्र सिंह ठाकुर प्रदेश महासचिव अवनीश भार्गव सहित कई नेताओं ने भी जनसभा को संबोधित कर कांग्रेस प्रत्याशी को अपने वोटो से जयश्री हरिकरण जीत का आशीर्वाद देने को कहाइस अवसर पर कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं क्षेत्र की जनता बड़ी संख्या में मौजूद थी।

# प्रकाश पर्व के दिन नशे ने बुझाया दो घरों का चिराग

शहडोल । दीपावली के दिन जहाँ सभी अपने घरों को दिया के उजाले से रौशन कर रहे थे तो वही दूसरी ओर जुआ और नशे की हालत मे हुए विवाद ने दो घर के चिरागो को बुझा दिया, मौत का कारण नशा और जुआ के चलते हुए विवाद को बताया जा रहा है, हमलावारो ने मृतको के ऊपर चाकू और बेसबाल बैट से इतना तगड़ा हमला किया की दोनों की मौत हो गयी, घटना के बाद परिजनों मे भारी आक्रोश देखा जा रहा है वही पार्षद सहित क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा कलेक्ट्रेट मे धरना प्रदर्शन कर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने उनके घर गिराने की मांग करते हुए 20 तारीख तक कार्यवाही न होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी जिला प्रशाशन को दी है 7

जिले के कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दरभंगा चौक के चांदनी चौक के पास बीती रात सीनू लक्ष्मण और रिजवान सहित कई लोग जुआ खेल रहे थे तभी हुए विवाद ने इतना बड़ा रूप ले लिया की समझौते के नाम पर सचिन और शेखर मिजौंरकर ने अपने घर के पास बुलाया और दोनों के ऊपर चाकू और बेसबाल बैट से इतना जबरदस्त हमला किया की दोनों को सँभालने का मौका ही नहीं मिला और दोनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी, इसका एक वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल भी हो रहा है जिसकी पुष्टि हम नहीं करंते परंतु यदि यह सही है तो इसमें आप साफ तौर पर आरोपियों की क्रूरता को देख सकते है वही इस घटना ने एक बड़ा सवाल जिला पुलिस प्रशाशन की कार्यशैली, सक्रियता और ग्राउंड रिपोर्टिंग पर भी खड़ा कर दिया है की जिला पुलिस द्वारा लोगो को सुरक्षित महसूस कराने के लिये फ्लैग मार्च और अन्य गतिविधिया लगातार की जा रही है परंतु नशा और जुआ के कारोबार पर लगाम नहीं लग पा रहा है ? मामले पर एडीजीपी शहडोल ने बताया की हमारे द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर समुचित धाराओं मे अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की जा रही है,वही तहसीलदार राजकुमार कोल ने कहाँ अभी पूरा प्रशासनिक अमला चुनाव के कार्य मे व्यस्त है परिजनों की मांग को ध्यान मे रखते हुए 20 तारीख के बाद नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी बहरहाल पोस्टमार्टम के बाद दोनों मृतको के परिजनों को शव सौप दिया गया है और उनके घरों पर पुलिस बल तैनात करा दिया गया है 7

# कांग्रेस एक समस्या है और विधानसभा चुनाव इससे निजात पाने का अवसर: योगी आदित्यनाथ

छतरपुर। विधानसभा चुनाव का प्रचार लगभग अंतिम चरण में हैं और इस समय सभी राजनैतिक दलों के स्टार प्रचारक अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में महौल बनाने के लिए चुनावी सभाएं कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को भाजपा के फायरब्रांड नेता और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छतरपुर जिले के लवकुशनगर में विशाल चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान वे कांग्रेस पर हमलावर नजर आए, उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने विकास के लिए कुछ नहीं किया, बल्कि यह पार्टी जनता के लिए एक समस्या बनी हुई है। विधानसभा चुनाव के रूप में जनता के पास इस समस्या से निजात पाने का अवसर है इसलिए आप सभी भाजपा के पक्ष में मतदान कर इस समस्या को खत्म करें।यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस देश के लिए, जनता के लिए, गरीब के लिए, नौजवान के लिए, किसान के लिए और माताओं-बहनों के लिए एक समस्या के समान है और इस समस्या से मुक्ति पाने के लिए यह चुनाव सबसे अच्छा अवसर है। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व ने मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य मे उभारने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने सार्थक प्रयास किए हैं और यही कारण है कि आज मध्यप्रदेश की पहचान पूरे भारत देश ही नहीं ब?ल्कि विदेशों में है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि केदारपूरी का पुनरुद्धार क्या कांग्रेस के लोग कर पाते? क्या राम मंदिर के निर्माण कांग्रेस कर पाती?, जब कांग्रेस हमारी आस्था तक को सम्मान नहीं दे सकती तो फिर हम कांग्रेस को चुने ही क्यों। सीएम योगी ने कहा कि उत्तरप्रदेश का उदाहरण देते हुए कहा कि उत्तरप्रदेश में 403 विधानसभा सीटें हैं, 25 करोड़ की आबादी है लेकिन वहां कांग्रेस के दो और बसपा का एक सदस्य है, इसका मतलब यह है कि उत्तरप्रदेश की जनता ने दोनों ही पार्टियों को बहुत नजदीक से समझा है। उन्होंने मध्य प्रदेश का जिक्र करते हुए कहा कि शिवराज सिंह चौहान ने एमपी को बीमारू राज्य की श्रेणी से निकालने का काम किया है और लाड़ली बहना योजना ने तो कमाल ही कर दिया है। यह योजना यहां की माताओं-बहनों के लिए वरदात साबित हो रही है। रसोई गैस हो या बेहतर उपचार के लिए आयुष्मान योजना का कार्ड हो यह हमारा लक्ष्य है लेकिन इसके लिए डबल इंजन की सरकार जरूरी है, इसलिए आप सभी भाजपा प्रत्याशियों को आशीर्वाद देकर मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार बनाएं।

# आप आशीर्वाद दें, मैं वादा करता हूं कि आप निराश नहीं होंगे: अजय दौलत तिवारी

**छतरपुर।** भाजपा और कांग्रेस दोनों का शासनकाल आप देख चुके हैं, दोनों ही पार्टियों ने हमारे क्षेत्र के लिए कुछ नही किया, इसलिए इस बार अपने बेटे को अवसर दें, मैं वादा करता हूं कि आप निराश नहीं होंगे, यह बात मंगलवार को महाराजपुर विधानसभा में जनसंपर्क के दौरान समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजय दौलत तिवारी ने जनसमूह से संवाद के दौरान कही। मंगलवार को भाई दूज का पर्व होने के कारण ग्रामीण अंचलों में कई महिलाओं ने अजय दौलत तिवारी का तिलक करते हुए उन्हें जीत का आशीर्वाद भी दिया।उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र की जनता ने तय कर लिया है कि इस बार महाराजपुर में साईकिल का चलना तय है। हम विधानसभा क्षेत्र के हर घर तक जा रहे हैं और यहां आपसे मिलने वाला आशीर्वाद ही हमारी जीत सुनिश्चित करेगा। श्री तिवारी ने कहा कि लंबे समय से हमारी विधानसभा



में भाजपा और कांग्रेस के बीच राजनीति चल रही है। हम कभी भाजपा पर विश्वास करते हैं तो कभी कांग्रेस पर लेकिन अब हमारे पास समाजवादी पार्टी के रूप में तीसरा विकल्प है, क्योंकि दोनों ही पार्टी के नेताओं ने यहां की जनता के साथ छल और शोषण के अतिरिक्त कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि इस बार महाराजपुर विधानसभा में भाजपा और कांग्रेस का साफ होना तय है क्योंकि आपके पास बेटे के रूप में बेहतर विकल्प मौजूद है।

# भाजपा प्रत्याशी ललिता यादव ने देवालयों में मत्था टेककर लिया आशीर्वाद



छतरपुर। छतरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री श्रीमती ललिता यादव ने मंगलवार को सुबह शहर के कई देवालयों में जाकर मत्था टेककर भगवान का आर्शीवाद लिया। इसके पश्चात उन्होंने कृषि उपज मंडी स्थित थोक सब्जी मंडी और सिटी कोतवाली के पास जाकर सब्जी विक्रेताओं से भी मुलाकात कर भाजपा का कमल खिलाने की अपील की।

श्रीमती ललिता यादव सुबह सबसे पहले बाबा विश्वनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंची। यहां उन्होने शहरवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करके भगवान से विजयश्री का आर्शीवाद मांगा। इसके साथ ही मरई माता मंदिर पहुंचकर देवी मां के चरणों में नमन किया। इसी क्रम में वे प्रताप सागर के किनारे स्थित नर्वदेश्वर मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने पहुंचीं। यहां भगवान शंकर सहित विध्नहर्ता भगवान श्रीगणेश, संतोषी माता के भी दर्शन किए। इस मंदिर में पूजन के लिए बडी संख्या में कार्तिक स्नान करने पहुंची कतक्यारियों से उन्होंने मुलाकात की। उनसे अपील करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सनातन धर्म की परंपरा का पालन करने वाली पार्टी है। इसलिये अयोध्या में राममंदिर का निर्माण कराया और अब 22 जनवरी को मंदिर के भव्य गर्भग्रह में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। श्रीमती ललिता यादव ने कतक्यारियों व अन्य श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि सनातन धर्म की रक्षा, विकास और समाज के अंतिम छोर पर खडे व्यक्ति तक जनहितकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उसका जीवन स्तर सुधारने के लिये 17 नवंबर को कमल के फूल के आगे का बटन दबाकर भाजपा को विजयी बनाये। सभी ने एक स्वर में भगवान का साक्षी मानकर भरोसा दिलाया कि इस बार छतरपुर में वर्ष 2013 का इतिहास दोहराते हुए कमल ही खिलेगा। भाजपा उम्मीदवार श्रीमती ललिता यादव ने थोक सब्जी मंडी और कोतवाली के पास पहुंच कर सब्जी विक्रेताओं से मुलाकात की और उनके हालचाल पूछकर लाड़ली बहना योजना की राशि मिलने की जानकारी ली।

# कांग्रेस स्वयं के परिवार की चिंता करती है और भाजपा देश की जनता को परिवार मानकर करती है काम - नरेंद्र मोदी

## शाजापुर में आयोजित जनसभा में देश के प्रधानमंत्री ने किया संबोधित, मोदी - मोदी की नारों से गूंज उठा सभा पांडाल

शाजापुर। जिला मुख्यालय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि , कांग्रेस पार्टी केवल एक परिवार के लिए काम करती है ,उनके नेता अपने बच्चों के लिए फ़िक्र करती है ,जबकि भाजपा देश की जनता और उनके बच्चों के हितों के लिए काम करती हैं। कांग्रेस ने कभी देश का भला नहीं किया और भाजपा ने भारत को विश्व की पांचवे नंबर की आर्थिक अर्थव्यवस्था वाला देश बना दिया है।

शाजापुर के बापू की कुटिया स्थित मैदान में आयोजित सभा में श्री विश्व प्रसिद्ध माँ बगुलामुखी ओर शाजापुर की राजराजेश्वरी माता को प्रणाम करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना भाषण शुरू किया ,ओर कहा कि ,भाजपा की अनेक कल्याणकारी योजनाओं को कांग्रेस ने अपने 15 महीने के कार्यकाल में बंद कर दिया ,कांग्रेस के शासन काल मे मप्र में बिजली नही होती थी बिजली केवल झटके देती थी ,ओर हाइवे में केवल गड्डे ही गड्डे होते थे ,यहाँ कोई उधोग धंदे नही लगते थे ,भाजपा की सरकार ने मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य से विकासशील राज्य बना दिया है ।

श्री मोदी ने कहा कि ,भाजपा के नेतृत्व में ,भारत आज विश्व की 5 वी सबसे बड़ी आर्थिक अर्थव्यवस्था बन गया है ,ओर जब में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनूंगा तो भारत को विश्व में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाऊंगा ।

श्री मोदी ने कहा कि ,कांग्रेस के महाज्ञानी मध्यप्रदेश में घूम रहे हैं जो दिल्ली में बैठ कर चुनाव का गणित लगा रहे है और मनघडंत अनुमान लगा रहे है ,जबकि



भाजपा कार्यकर्ता जमीन से जुड़कर जनता की सेवा कर रहा है । कांग्रेस पार्टी केवल भ्र्ष्टाचार ओर घोटाला करती है ,उनकी जहां सरकार है ,वहाँ पर लॉकरों मे से करोड़ो रुपये निकल रहे है ,सोना निकल रहा है ,वो सोना असली सोना है ,आलू वाला सोना नही है।श्री मोदी ने कहा कि ,केंद्र सरकार 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दे रही है ,यह योजना दिसम्बर में खत्म हो जाएगी ,लेकिन मेने मन बना लिया है इस योजना को दिसम्बर में ही अगले 5 साल के लिए बड़ा दिया जाएगा । श्री मोदी ने केंद्र सरकार की अनेक योजनाओं का अपने भाषण में जिक्र किया । उन्होंने कहा कि ,मप्र ऐसा राज्य है जिसमे मेडिकल ओर इंजीनियर की पढ़ाई हिंदी में होती है ,अब गरीब के बेटा ओर बेटियों को डॉक्टर बनने के लिए अंग्रेजी में पढ़ाई करने की आवश्यकता नहीं है ,वह हिंदी में पढ़ाई कर के भी डॉक्टर इंजीनियर बन सकते है। उन्होंने कहा कि जहां कांग्रेस आई वहां बर्बादी लाई और भाजपा की सरकार में हर तरफ खुशहाली आई है। इसलिए भाजपा की जीत की जवाबदारी मै नहीं खुद जनता लेती है और आज पूरा एमपी आज भाजपा के सुर से सुर मिला रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि इस चुनाव की खास बात यह है कि भाजपा की जीत की जिम्मेदारी मेरी माताओं-बहनों-बेटियों और नौजवानों ने संभाल ली है। आज पूरा एमपी कह रहा है फिर एक बार मोदी सरकार...।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने भाषण में शाजापुर की प्रसिद्ध तोलाराम की कचोरी ,दाल बाटी ओर दूध जलेबी ओर भैरव डूंगरी का भी उल्लेख किया ।

श्री मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को आव्हान किया कि ,वह आराम नही करे ओर अधिक से अधिक मतदान करवाए ,ओर महिला कार्यकर्ताओं से अपील की कि ,उनका निजी सन्देश लेकर मतदाताओं के पास जाए और उनका व्यक्तिगत प्रणाम कहे।मंच पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया ,सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक नायक, भाजपा प्रत्याशी इंदरसिंह परमार शुजालपुर, अरुण भीमावत शाजापुर, घनश्याम चंद्रवशी कालापीपल, मधु गहलोत आगर, गोतम टेटवाल सारंगपुर, गायत्रीराजे पवार देवास, राजेश सोनकर सोनकछ उपस्थित थे। पूरे कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद सुश्री कविता पाटीदार ने किया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय जोशी ने दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं पीएम मोदी की सभा के पहले से ही पूरा शहर मोदी-मोदी के नारों से गूंज रहा था।

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल**

क्रमांक 2370/राजस्व/भो.वि.प्रा./2023 भोपाल दिनांक 14/11/2023

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की महाराणा प्रताप नगर जोन–2, योजना स्थित भूखण्ड क्रमांक–110, श्री रामचन्द्र अरोरा आ. स्व. श्री रमनलाल अरोरा के नाम पर अंकित है। आवंटी श्री रामचन्द्र अरोरा का स्वर्गवास दिनांक 18/09/2023 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती समता अरोरा पत्नी स्व. श्री रामचन्द्र अरोरा, लव कुमार अरोरा एवं करिश्मा अरोरा पुत्र/पुत्री स्व. श्री रामचन्द्र अरोरा द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र, शपथ–पत्र एवं मृत्यु प्रमाण–पत्र के आधार पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण अपने नाम पर चाहा गया है। यदि उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 07 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी तथा प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।

राजस्व अधिकारी

## कचरे का ढेर न उठाने से वार्डवासियों परेशान



**परासिया।** शहर के नगर पालिका वार्ड नंबर 16 के हैप्पी किड्स स्कूल के पास रोड के किनारे पर कई महीने से कचरा का ढेर लगा हुआ है एवं वार्ड नंबर 17 पेंच व्हेली स्कूल के पीछे बी टाईप कालोनी में भी यही स्थिति है कि वहां से भी कचरा नहीं उठाया जा रहा है और वार्ड नंबर 16 में नगरपालिका के कर्मचारियों को शिकायत करने के बाद भी सफाई कर्मियों को नहीं पहुंचाये जाते हैं इसके पहले मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता अभियान नगर पालिका ने बहुत चलाया और नगर पालिका अध्यक्ष एवं स्वच्छता विभाग के कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता संकल्प ली गई थी एवं महा अभियान के तहत जन जागरूकता रैली निकाला जा रहा था कि जिसमें परासिया शहर को स्वच्छता में नंबर वन बनाने के लिये कोई कसर नही छोड़ेंगे ऐसा कहा गया लेकिन वार्डवासियों का कहना है कि वार्ड नंबर 16 में स्कूल के पास रोड के किनारे कचरा का ढेर को नहीं उठाया जा रहा न साफ सफाई व नालियों की नही की जाती समय पर साफा सफाई ।

## धार्मिक स्थलों का निर्वाचन प्रचार के लिये उपयोग रहेगा पूर्णतः प्रतिबंधित

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मनोज पुष्प द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गये हैं। इस आदेश के अंतर्गत आदेश की अवधि 15 नवंबर 2023 को शाम 6 बजे से 18 नवंबर 2023 को प्रातः 8 बजे तक के दौरान निर्वाचन प्रचार के लिये विभिन्न धार्मिक स्थल यथा मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा आदि के स्थानों का उपयोग नहीं किया जायेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 188 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी। वहीं कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मनोज पुष्प द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गये हैं। इस आदेश के अंतर्गत आदेश की अवधि 15 नवंबर 2023 को शाम 6 बजे से 18 नवंबर 2023 को प्रातः 8 बजे तक के दौरान लोक परिवहन, एम्बुलेंस, फायर सर्विसेस, शैक्षणिक संस्थाओं के वाहन, दूध, पानी, सब्जी आदि अनिवार्य सेवाओं में लगे वाहन और अपने कर्तव्य पर जाने वाले व्यक्तियों व निर्वाचन पदाधिकारियों के वाहनों के परिवहन की छूट रहेगी। इस अवधि में अन्य वाहनों के परिवहन की अनुमति नहीं रहेगी। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 188 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।

## अभ्यर्थियों को जारी अनुमति प्राप्त वाहनों से मतदाताओं के परिवहन की नहीं रहेगी अनुमति

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गये हैं। इस आदेश के अंतर्गत आदेश की अवधि 15 नवंबर 2023 को शाम 6 बजे से 18 नवंबर 2023 को प्रातः 8 बजे तक के दौरान अभ्यर्थियों को जारी अनुमति प्राप्त वाहनों से मतदाताओं के परिवहन की अनुमति नहीं रहेगी। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 188 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।

## प्रचार प्रयोजन के लिये जारी सभी वाहनों की अनुमतियां होंगी स्वतः निरस्त

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मनोज पुष्प द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गये हैं। इस आदेश के अंतर्गत आदेश की अवधि 15 नवंबर 2023 को शाम 6 बजे से 18 नवंबर 2023 को प्रातः 8 बजे तक के दौरान प्रचार प्रयोजन के लिये जारी सभी वाहनों की अनुमतियां स्वतः निरस्त हो जायेगी तथा मतदान दिवस के लिये रिटर्निंग ऑफिसर से अधिकतम 3 वाहनों की पृथक से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य रहेगा।

# छिंदवाड़ा-नागपुर के बीच चलेगी मेट्रो ट्रेनः नितिन गडकरी

### केन्द्रीय मंत्री ने परासिया विधानसभा की जनसभा




छिंदवाड़ा। परासिया विधानसभा की भाजपा प्रत्याशी ज्योति डेहरिया के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बड़ा एलान करते हुए कहा कि रेलमंत्री से अनुमति मिलने के बाद छिंदवाड़ा से नागपुर के बीच मेट्रो ट्रेन चलाई जाएगी। जो 140 के रफ्तार से भागेगी। उन्होने कहा कि मध्यप्रदेश का यह चुनाव आपके भविष्य का फैसला करने वाला चुनाव है। पिछले 10 साल में मध्यप्रदेश और दिल्ली में दोनो जगह भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी। डबल इंजन की सरकार और इस सरकार ने 10 साल में देश के लिए क्या किया है,और मध्यप्रदेश के लिए क्या किया यह आपने आपकी आंखों से देखा है। मैं बताना चाहता हूँ कि हमारे देश में मध्यप्रदेश पहले एक बीमारू राज्य के रूप में था पर इस 10 साल में मोदी जी के नेतृत्व, शिवराज जी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश का विकास हुआ है। अब प्रदेश प्रगतिशील संपन्न राज्य बन गया है। गांव गरीब मजदूर किसान का कल्याण हुआ है। सिंचाई का क्षेत्र बढ़ा है। और भारत सरकार ने कृषि विकास के दर में जो पुररूकार दिया वह मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के नेतृत्व में मध्यप्रदेश को मिला है।

### प्रहलाद पटेल ने बांटी पर्ची



अमरवाड़ा पहुंचे केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने प्रत्याशी मोनिका बट्टी के लिए लोगों से आर्शीवाद मांगा वहीं लोगों के घर घर पहुंचकर मतदाता पर्ची बांटी इसी बीच उन्होने कहा कि मतदाताओं की मतदान अवश्य करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उन्होने कहा कि छिंदवाड़ा जिले में जब कभी मुझे काम करने का मौका मिलता है तो उसका आनंद अलग होता है समय निकाल के में काम करने अवश्य आता हूँ। मोनिका के लिए मैने निवेदन किया है। और मुझे विश्वास है कि वह भारी मतों से जीतकर विधानसभा में जाएंगी।

# आज आएंगे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

### दशहरा मैदान में होगी जनसभा



छिंदवाड़ा। फायरब्रांड भाजपा नेता योगी आदित्यनाथ मंगलवार को छिंदवाड़ा में रहेंगे। इस संबंध में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कार्यक्रम प्रभारी अरुण शर्मा तथा गुरजीत सिंह (शंटी) बेदी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं भाजपा के फायर ब्रांड नेता योगी आदित्यनाथ आज छिंदवाड़ा आयेंगे। श्री शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री नेता योगी आदित्यनाथ छिंदवाड़ा हवाई पट्टी पर दोपहर 2:30 बजे हेलीकॉप्टर से पहुंचेंगे तथा हवाई पट्टी से प्रस्थान कर 3 बजे दशहरा मैदान (पोला ग्राउंड) पहुंचकर विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। श्री बेदी ने बताया कि योगी आदित्यनाथ सभी वर्गों का ध्यान रखे हैं। योगी ने उत्तर प्रदेश में सुशासन की स्थापना कर दिए। बेदी ने कहा कि योगी एक जनप्रिय नेता है और ऐसे जनप्रिय नेता छिंदवाड़ा आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश के साथ साथ पूरे देश में उनकी अपार लोकप्रियता है। नेतादय ने सभी से अपील की है की अधिक से अधिक संख्या दशहरा मैदान पहुंचकर उन्हें सुनने का लाभ प्राप्त करें।

## पूर्व अनुमति के बिना किसी भी प्रकार की सभा, बैठक, रैली, जुलूस आदि का आयोजन प्रतिबंधित

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री मनोज पुष्प द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गये हैं। इस आदेश के अंतर्गत आदेश की अवधि 15 नवंबर 2023 को शाम 6 बजे से 18 नवंबर 2023 को प्रातः 8 बजे तक के दौरान कोई भी व्यक्ति, समूह, संगठन, संस्था, राजनैतिक दल, अभ्यर्थी आदि बिना सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के किसी भी प्रकार की सभा, बैठक, रैली, जुलूस आदि का आयोजन किसी भी सार्वजनिक स्थान पर नहीं कर सकेंगे। इस आदेश के अंतर्गत अभ्यर्थियों द्वारा किये जाने वाले घर-घर जनसम्पर्क कार्यक्रम, निजी वैवाहिक कार्यक्रम से संबंधित प्रोसेशन आदि इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 188 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।

## बाहरी व्यक्तियों को छोड़ना होगा निर्वाचन क्षेत्र

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री मनोज पुष्प द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गये हैं। इस आदेश के अंतर्गत आदेश की अवधि 15 नवंबर 2023 को शाम 6 बजे से 18 नवंबर 2023 को प्रातः 8 बजे तक के दौरान ऐसे व्यक्ति जो निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं है, उन्हें 48 घण्टे की अवधि प्रारंभ होते ही अर्थात 15 नवंबर 2023 को शाम 6 बजे से निर्वाचन क्षेत्र छोड़ना होगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 188 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।

## लाउड स्पीकर/मेगा फोन का उपयोग रहेगा पूर्णतः प्रतिबंधित

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मनोज पुष्प द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गये हैं। इस आदेश के अंतर्गत आदेश की अवधि 15 नवंबर 2023 को शाम 6 बजे से 18 नवंबर 2023 को प्रातः 8 बजे तक के दौरान विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत 48 घण्टे की अवधि में लाउड स्पीकर/मेगा फोन का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 188 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।

## चिकित्सालय, शैक्षणिक संस्थाओं और मतदान केन्द्र से 200 मीटर पर पार्टी,अभ्यर्थियों के कार्यालय खोलने पर प्रतिबंध

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मनोज पुष्प द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गये हैं। इस आदेश के अंतर्गत आदेश की अवधि 15 नवंबर 2023 को शाम 6 बजे से 18 नवंबर 2023 को प्रातः 8 बजे तक के दौरान किसी भी व्यक्ति, अभ्यर्थी अथवा राजनैतिक दल को किसी चिकित्सालय, शैक्षणिक संस्थाओं और मतदान केन्द्र से 200 मीटर के क्षेत्र में पार्टी/अभ्यर्थी का कार्यालय खोलने की अनुमति नहीं रहेगी।

# दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश लागू

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मनोज पुष्प द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत निर्वाचन संबंधी आदर्श आचरण संहिता का पूर्णरूपेण पालन कराने और निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने के दृष्टिगत असामाजिक तत्वों व अवैध सामग्री की आवाजाही रोकने और निर्वाचन अवधि के दौरान लोक शांति, लोक सुरक्षा व जन साधारण के जीवन और सम्पत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत छिंदवाड़ा जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 15 नवंबर 2023 को शाम 6 बजे से 18 नवंबर 2023 को प्रातः 8 बजे तक की अवधि के लिये प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किये गये हैं। प्रतिबंधात्मक आदेश में पूर्व अनुमति के बिना किसी भी प्रकार की सभा, बैठक, रैली, जुलूस आदि का आयोजन, बाहरी व्यक्तियों के निर्वाचन क्षेत्र छोडने, लाउड स्पीकर/मेगा फोन का उपयोग, पार्टी/अभ्यर्थियों के कार्यालय खोलने, धार्मिक स्थलों का निर्वाचन प्रचार के लिये उपयोग, वाहनों से मतदाताओं का परिवहन, मतदान केन्द्र की निर्धारित परिधि में प्रचार, मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व निर्वाचन संबंधी आम सभा आदि को प्रतिबंधित किया गया है। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 188 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश आम जनता को सम्बोधित है और चूंकि वर्तमान में ऐसी परिस्थितियां नहीं हैं और न ही यह सम्भव है कि इस आदेश की पूर्व सूचना प्रत्येक व्यक्ति को दी जाये, इसलिये यह आदेश एक पक्षीय पारित किया गया है। यह आदेश निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराने वाले अधिकारी/कर्मचारी द्वारा निष्पादित पदीय कर्तव्यों के लिये प्रभावशील नहीं होगा।

# हम सरकार बनाने और समाज बनाने का कार्य करते हैंः प्रहलाद पटेल

### भाजपा किसानों को गेहूं 2700 और धान की उपज 3100/- प्रति क्विंटल देगी



अमरवाड़ा। विधानसभा चुनाव अमरवाड़ा के प्रत्याशी मोनिका शाह बट्टी के चुनाव प्रचार करने भारत सरकार के फूड एंड प्रोसेसिंग इंडस्टरीज मिनिस्टर प्रहलाद सिंह पटेल ने अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के पोनार कस्बा में आम जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी वर्षों में एक तिहाई महिला सांसद विधायक का चुनाव देश की जनता करेगी निराश्रित दिव्यांग वृद्ध जनों को सम्मानजनक जीवन जीने के लिए आगामी दिनों में 1500 रूपए सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान की जाएगी श्री पटेल ने बताया कि आज ग्राम ग्राम में जो सड़क बनी है वह प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की सोच का काम है हम वह काम करते हैं जो पीढ़ीओ तक काम आते हैं उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासियों को बोलती रहेगी बीजेपी आएगी का आरक्षण खत्म हो जाएगा आप देख रहे हैं आरक्षण पूर्वक बरकरार है क्यों कांग्रेस ने हमेशा भ्रम और लालच की राजनीति की है हमने जो संकल्प लिया था राम मंदिर बनाने का वह पूरा किया है धर्म की तराजू उठाकर फैसला करेंगे तो भाजपा का ही पडला भारी होगा उन्होंने शासन द्वारा चलाई जा रही उज्जवला गैस महिला सशक्तिकरण एवं अन्य भारत सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया महिला सशक्तिकरण लाडली बहन योजना के बारे में बताते हुए उन्होंने मध्य प्रदेश की सरकार की मुखिया शिवराज सिंह एवं निर्वाचन आयोग को धन्यवाद दिया जिन्होंने कांग्रेस की बात नहीं मानकर धनतेरस को लाडली बहन की 1250 रुपया प्रत्येक के खातों में भेजी आने वाले समय में हम सिर्फ विकास की बात ही नहीं करते विकास भी चाहिए और विरासत भी चाहिए 500 वर्ष से प्रतीक्षारत राम मंदिर सांस्कृतिक विरासत है राम मंदिर में राम भगवान जब बिराजे गए तब पूरे हिंदुस्तान में दिवाली मनाई जावेगी हम सरकार बनाने और समाज बनाने का कार्य करते हैं आने वाली पीढ़ी हमसे बेहतर तब आएगी जब हम व्यसन से दूर रहेंगे उन्होंने कहा मैं कांग्रेस को चुनौती देता हूं कि उनके पास ना विकास है ना सफलता है यदि उनके पास विकास और सफलता है वह मुझे बताएं मध्य प्रदेश भाजपा के द्वारा जारी किए गए घोषणा पत्र को आप अवश्य पढ़ें और और अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी मोनिका बट्टी को मत देकर अपने संकल्प को आगे ले जाने के लिए आह्वान किया।

## नए कपड़े पाकर झुग्गी झोपड़ी वासियों ने दिल से दी रोटेक्ट क्लब को दुआ



छिंदवाड़ा। रोटरेक्ट क्लब और रोटरी क्लब प्राइड छिंदवाड़ा ने कुछ इस तरह बनाई अपनी दिवाली हर साल की तरह रोटरेक्ट क्लब छिंदवाड़ा ने दिवाली डिस्ट्रीब्यूशन ड्राइव झुग्गी झोपड़िया वा जरूरतमंदों के बीच जाकर मनाया। इस बार की डोनेशन ड्राइव रोटरी क्लब छिंदवाड़ा प्राइड के संयुक्त तत्वाधान में की गई। जिसके अंतर्गत 75 जोड़ी नए कपड़े, व आने वाली ठंडियों को देखते हुए गर्म कपड़े, नमकीन ,चॉकलेट वॉ फुलझड़ियां बच्चों के बीच वितरित की गई। क्लब के प्रेसिडेंट सिद्धांत रामानंद ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में आशा फाउंडेशन ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया है ।साथ ही साथ मतदान जागरूकता की अलख जगाने हेतु रैली निकालकर जन जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर रोटरी क्लब छिंदवाड़ा प्राइड के प्रेसिडेंट नीलिमा डोड़नी, वा रीत डोडानी जी मौजूद रही। व अध्यक्ष सिद्धांत रामानंद, एडवाइजर सूफी अब्दुल तहसीन ,क्लबप्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अभिनव चौरसिया , आकांक्षा साहू संकल्प पाडोले, पराग दुबे, अरमान खान, अभिषेक व अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# भाजपा का संकल्प पत्र मात्र नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश के लिए मोदी की गारंटी



**छिंदवाड़ा।** भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू ने ग्राम माल्हनवाड़ा, कोटलबर्री, बीजेपानी, धौलपुर, जैतपुर, मदनपुर, खापाकला, भाजीपानी, सुनारी मोहगांव, कुहिया, थांवरी कलां, धगड़िया, सलैया, सोनापिपरी, धमनिया, खमरा में जनसंपर्क किया । जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश के लिए मोदी की गारंटी है । श्री साहू ने बताया कि 5 वर्षों के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का क्रियान्वयन करते हुए सभी गरीब परिवार को मुफ्त राशन के साथ रियायती दर पर दाल, सरसों का तेल एवं चीनी उपलब्ध करवाएंगे। मध्य प्रदेश का कोई भी परिवार बेघर नहीं रहेगा। इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ ही मुख्यमंत्री जन आवास योजना शुरू करेंगे। लाड़ली बहनों को मासिक आर्थिक सहायता के साथ आवास का लाभ मिलेगा। एमएसपी के साथ बोनस रूपए 2,700 प्रति क्विंटल पर गेहूं एवं रूपए 3,100 प्रति क्विंटल पर धान की खरीद की व्यवस्था करेंगे। पीएम किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के लाभार्थियों को वार्षिक रुपए 12,000 देंगे। गरीब परिवार के सभी छात्रों को 12वीं कक्षा तक मुफ्त शिक्षा की व्यवस्था करेंगे। सरकारी स्कूल में मिड-डे मील के साथ अब पौष्टिक नाश्ता भी उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक परिवार में कम से कम एक रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर सुनिश्चित करेंगे। आयुष्मान भारत के सभी लाभार्थियों को 5 लाख से ज्यादा व्यय होने पर सीएम रिलीफ फंड के अंतर्गत प्रदेश सरकार खर्चा उठाएगी। श्री साहू ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी मिली है । इसलिए संकल्प पत्र में किए गए संकल्पों को पूर्ण करने की गारंटी है ।

## पेड़ काटने से मना करने पर महिला के साथ किया मारपीट

**अमरवाड़ा।** ग्राम हिरी निवासी श्याम कुमारी के खेत से लगे हुए विनोद नामक व्यक्ति का खेत है जो महिला की मेड में लगे अकोना के पेड़ को काट रहे थे महिला के मना करने पर विनोद और चेतन वगैरा ने महिला को गंदी-गंदी मां बहन की गालियां देकर जमीन पर पटक दिया तभी महिला को पिटते देख उसे बचाने उसके भतीजा अभिषेक आया उसके साथ भी मारपीट किया उन्हें बचाने जब अवधेश आया तभी विनोद वगैरा ने महिला श्याम कुमारी अभिषेक और अवधेश की पत्थर से मारपीट की, मारपीट करने से महिला की कमर एवं हाथ में अभिषेक को गले में अवधेश को पीठ में चोट लगी महिला की रिपोर्ट पर सहायक उपनिरीक्षक करतार सिंह ने भादवि की धारा 294 323 506 34 में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया

# भाजपा के लिये अब बहना नहीं रही लाडलीः नकुलनाथ

### कांग्रेस की सरकार बनते ही उमरानाला को बनायेंगे नगर पंचायत




छिन्दवाड़ा। चुनाव से पहले भांजे, भांजियां, बेटे, बेटियां सभी भाजपा को खूब याद आते हैं और बहना तो लाड़ली हो जाती है पर चुनाव के बाद के हालात तो आप सभी के सामने हैं, बेटियों पर आये दिन अपराध हो रहे, मामा के भांजे रोजगार के लिये दर-दर भटक रहे, बेटे-बिटियां कुपोषण का शिकार हो रहे और अब बहनें लाड़ली नहीं रही। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में लाड़ली बहना को सम्मिलित ही नहीं किया है इसका तात्पर्य तो आप सभी जानते हैं कि क्यों शामिल नहीं किया। उक्त उदगार आज सांसद नकुलनाथ ने आयोजित जनसभाओं में व्यक्त किये। सौंसर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पिपलानारायणवार और उमरानाला में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुये सांसद नकुलनाथ ने कहा कि भाजपा के द्वारा तीन दिन पूर्व जारी किये गये घोषणा पत्र में लाड़ली बहना योजना को सम्मिलित नहीं किया गया है। भाजपा ने चुनावी लाभ अर्जित करने के लिये बहनों का सहारा लिया और अब उन्हें भुला दिया यही उनकी असली सच्चाई है।

### उमरानाला बनेगी नगर पंचायत

सांसद नकुलनाथ ने उमरानाला में आयोजित युवक कांग्रेस बूथ सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये कहा कि उमरानाला ग्राम पंचायत जल्द ही नगर पंचायत बनेगी। कमलनाथ के मुख्यमंत्री बनने के उपरांत नगर पंचायत बनाने की प्रक्रिया को प्रारम्भ किया जावेगा। नगर विकास के लिये अधिक राशि आवंटित होगी जिससे क्षेत्र के नवनिर्माण में आसानी होगी। अपने क्षेत्र, जिले और प्रदेश के विकास हेतु आप सभी को पंजे की बटन दबाकर कमलनाथ को मुख्यमंत्री चुनना है। 17 नवम्बर को जब आप पंजे की बटन दबाकर विजय चौरे को विजयी बनायेंगे तो आप केवल एक विधायक नहीं बल्कि मुख्यमंत्री भी चुनेंगे। हमारे उम्मीदवारों की जीत से ही कमलनाथ के हाथ मजबूत होंगे और जिले व प्रदेश का हर वर्ग सम्पन्न व खुशहाल होगा।

### दीपावली मिलन समारोह में हुये सम्मिलित

सांसद नकुलनाथ ने आज थोक सब्जी एवं फल विक्रेता संघ के द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह में शिरकत की। गुरैया सब्जी मंडी में आयोजित इस समारोह में सम्मिलित होकर सांसद नाथ ने सर्वप्रथम उपस्थित थोक सब्जी विक्रेता संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यगणों सहित उपस्थित किसान भाइयों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें दी। सांसद नकुलनाथ ने उदबोधित करते हुये कहा कि आज ना तो किसान खुश है और ना ही व्यापारी वर्ग, क्योंकि भाजपा की महंगाई से हर किसी का दम निकल रहा है। अठारह वर्षों की भाजपा सरकार ने विरित हालात निर्मित किये है, हालात बदलने की जिम्मेदारी अब आप सभी के कांधों पर है और अवसर 17 नवम्बर है।

# मतदान केंद्र चांद में मतदान का प्रेरित गीत बजाकर मनाया गया दीपोत्सव




छिन्दवाड़ा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज पुष्प द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी पार्थ जैसवाल के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्वीप गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र 124-चौरई में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत राजस्व अनुविभागीय अधिकारी चौरई प्रभात मिश्रा के निर्देशन व नोडल स्वीप प्लान अधिकारी चौरई विजय पवार के मार्गदर्शन और स्वीप प्रभारी चौरई श्री राकेश कुमार मालवीय के संयोजन में दीपावली उत्सव के अवसर पर नगर परिषद चाँद के मतदान केंद्र में रंगोली डालकर दीपोत्सव मनाया गया। साथ ही मतदान से प्रेरित गीत मैं भारत हूँ, जाग उठा एम.पी.सारा बजाकर व तिरंगा लहराकर उत्सव मनाया गया और मतदान करने का संदेश प्रसारित किया गया। इस अवसर पर स्वीप प्रभारी चौरई मालवीय, पेंशनर्स समाज के सुखदास बरपेठे, वरिष्ठ शिक्षक परमाल सिंह ठकरिया, नगरवासी केशरीलाल खनवे, नगर परिषद के बूथ लेवल अधिकारी सर्वश्री चंद्रशेखर मराठा, चंद्रशेखर अयोधि, राकेश नामदेव, राजू आरधी, असलम खान, श्रीमती सावित्री ठाकुर, प्रह्लाद चौरिया, सोहन डेहरिया आदि उपस्थित थे तथा सभी ने अपने मतदान केंद्र में शत-प्रतिशत मतदान कराने का संकल्प लिया।





महात्मा गांधी चौराहे पर के पास छठ पूजा के लिए घाटों पर क्या तैयारी फिल्म अभिनेत्री गुंजन पंत और भोजपुरी समाज के अध्यक्ष ने निरीक्षण किया।

आज भाई दूज है...



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के समक्ष आज योगेंद्र रघुवंशी, बरेली ने अपने समर्थकों सहित भाजपा ज्वाइन की। श्री योगेंद्र ने कहा कि वे मुख्यमंत्री श्री चौहान के कार्यों से प्रभावित हैं। कांग्रेस में निरंतर उपेक्षा के कारण भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता स्वीकार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने श्री रघुवंशी और उनके साथियों का भाजपा में स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि श्री योगेंद्र रघुवंशी कांग्रेस के नेता पूर्व मंत्री जसवंत सिंह के पुत्र हैं। इस अवसर पर आदित्य सिंह, सचिन सिंह ब्रजेश सिंह ,वैभव सिंह, बृजेश रघुवंशी, रवि रघुवंशी,सुनील ठाकुर,सतेंद्र सिंह,रिंकू सिंह आदि अनेक जन प्रतिनिधि रघुवंशी समाज से उपस्थित उपस्थित थे।

# बीजेपी ने निकाली कांग्रेस के ओबीसी बम की काट, चुनाव प्रचार खत्म होने के ठीक पहले मोदी आज निकालेंगे अपना ब्रह्मास्त्र

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 15 नवंबर को आदिवासियों को 24000 करोड़ रुपए की सौगात देने जा रहे हैं। मोदी सरकार जनजातीय गौरव दिवस मनाने जा रही है। बिरसा मुंडा की जयंती (जनजातीय गौरव दिवस) के मौके पर मोदी झारखंड में उनकी जन्मस्थली पहुंचेंगे। यहां वह बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। बता दें, केंद्रीय बजट 2023-24 में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार के लिए प्रधानमंत्री ने पीवीटीजी विकास मिशन की शुरुआत की घोषणा की थी। पीएम इसी पीवीटीजी मिशन का शुभारंभ करने यहां आ रहे हैं। बिरसा मुंडा के जन्म दिवस को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है।

बता दें, 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने शेड्यूल्ड ट्राइब्स के लिए रिजर्व्ड 47 सीटों में से 31 जीती थीं। वह अगले साल (2024) में होने वाले लोकसभा चुनाव में भी सफलता को दोहराना चाहते है।

**कई नई योजनाओं का कर सकते हैं ऐलान**ः मोदी द्वारा कमजोर जनजातीय समूहों के विकास के उद्देश्य से 24,000 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट तैयार किया गया है।




इस स्कीम को आज बिरसा मुंडा की जयंती पर लॉन्च किया जाएगा। खास बात ये है कि झारखंड के लिए 15 नवंबर स्वर्णिम दिवस है। यह धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का जन्मदिन और झारखंड का जन्मदिन होने के साथ-साथ राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस भी है। उलिहातू से मोदी झारखंड के कई तकनीकी संस्थानों के नए भवनों का भी उद्घाटन करेंगे। खबरें है कि खूंटी के बिरसा कॉलेज मैदान में भी प्रधानमंत्री कई योजनाओं का ऐलान कर सकते है।

## कमजोर जनजातीय समूहों को मोदी सरकार का तोहफा

18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 75 कमजोर जनजातीय समूह हैं। वे 22,544 गांवों (220 जिलों) में रहते हैं और उनकी आबादी लगभग 28 लाख है। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार के लिए प्रधानमंत्री पीवीटीजी विकास मिशन की शुरुआत की घोषणा की थी। दूरस्थ और दुर्गम बस्तियों में रहने वाले आदिवासियों को ध्यान में रखकर इसको तैयार किया गया है। योजना के तहत पीवीटीजी परिवारों और बस्तियों को सड़क और दूरसंचार कनेक्टीविटी, बिजली, सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, टीबी उन्मूलन, शत-प्रतिशत टीकाकरण, सुरक्षित मातृत्व योजना,मातृ वंदना योजना, पीएम पोषण, जनधन योजना आदि के लिए अलग से संतृप्ति सुनिश्चित की जाएगी।

## आदिवासियों के लिए 24 हजार करोड़ की योजना लॉन्च करेगी सरकार

योजना के तहत पीवीटीजी परिवारों और बस्तियों को सड़क और दूरसंचार कनेक्टीविटी, बिजली, सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी कई सुविधाएं दी जाएंगी। ये जनजातियां बिखरी हुई हैं और जंगली इलाकों के दूरस्थ व दुर्गम इलाकों में रहती हैं। इन परिवारों और बस्तियों को सड़क और दूरसंचार संपर्क से जोड़ने, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण तक बेहतर पहुंच और स्थायी आजीविका के अवसरों जैसी बुनियादी सुविधाओं को पूरा करने के लिए यह योजना बनाई गई है। इस योजना को ग्रामीण सड़क, ग्रामीण आवास और पेयजल को कवर करने वाले मौजूदा कल्याणकारी कार्यक्रमों के तहत नौ मंत्रालयों के माध्यम से लागू किया जाएगा। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, सिकल सेल रोग उन्मूलन, टीबी उन्मूलन, 100 प्रतिशत टीकाकरण, पीएम सुरक्षित मातृत्व योजना, पीएम मातृ वंदना योजना, पीएम पोषण और पीएम जन धन योजना के लिए कवरेज सुनिश्चित किया जाएगा।

# मप्र की राजनीति में कास्ट फैक्टर कितना मजबूत



भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा में 230 सीटें हैं। यहां हर चुनाव में जाति फैक्टर का असर दिखता रहा है। बात चाहे बीजेपी की हो या फिर कांग्रेस की, दोनों ही दलों ने टिकट देते वक्त जातिगत समीकरण का बेहद ध्यान रखा है। जिस सीट पर जिस पार्टी का उम्मीदवार है, वहां उसी वर्ग के उम्मीदवार को तवज्जो दी गई है।

सभी पार्टियां (बीजेपी, कांग्रेस,सपा-बसपा),उम्मीदवार उतारने से पहले जातीय गणित को समझते हैं। 230 सीटों में से 190 से ज्यादा सीटों पर कॉस्ट यानी जाति सबसे बड़ा चुनावी फैक्टर होता है। सर्वे के मुताबिक अब भी देश में 55 प्रतिशत वोटर प्रत्याशी की जाति देखकर वोट करते हैं। आइए जानते हैं दोनों दलों की स्थिति और किसने किस जाति को ज्यादा महत्व दिया है।

## यहां किरार धाकड़ समाज का बोलबाला

मामा बनकर राज करने वाले शिवराज सिंह चौहान, किरार-धाकड़ समाज से हैं। शिवराज ओबीसी समुदाय की किराड़ जाति से आते हैं। राज्य में 90 से अधिक जातियों को ओबीसी माना जाता है और लगभग 50 फीसदी आबादी ओबीसी श्रेणी में आती है। शिवराज सिंह चौहान को महिलाओं का भी वोट मिलता है वह महिला वोटर्स के बीच काफी मशहूर हैं। उन्हें प्यार से मामा बुलाया जाता है। सीएम शिवराज इस बार भी चुनाव में हैं, स्टार प्रचारक हैं। पोहरी में धाकड़ समाज से सिंधिया समर्थक उम्मीदवार हैं। यहां एक अन्य धाकड़ नेता चुनाव मैदान में हैं।

## ...तो किसी सीट पर यादव का जलवा

शिवपुरी में कोलारस सीट पर कांग्रेसऔर बीजेपी प्रत्याशी यादव हैं। कोलारस विधानसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी महेंद्र सिंह यादव और कांग्रेस प्रत्याशी बैजनाथ सिंह यादव, यूं तो आपस में रिश्तेदार हैं, लेकिन वर्तमान में वे चुनाव मैदान में एक-दूसरे के विरोधी हैं। भितरवार में लाखन सिंह कांग्रेस उम्मीदवार हैं, उज्जैन में मोहन यादव बीजेपी प्रत्याशी हैं। बुंदेलखंड में निवाड़ी, पृथ्वीपुर सीटों पर यादव समाज का प्रभाव है। कांग्रेस ने बिजावर से चरणसिंह यादव को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने सागर के देवरी में हर्ष यादव को टिकट दिया है।

## 23 विधानसभा पर कुशवाह का दबदबा

बीजेपी ने ग्वालियर की सबसे पेचीदा सीट ग्वालियर दक्षिण विधानसभा से तीन बार विधायक रह चुके पूर्व मंत्री नारायण सिंह कुशवाह को उम्मीदवार बनाया है। इस विधानसभा सीट पर पूर्व मंत्री और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के भांजे अनूप मिश्रा, पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता की भी दावेदार थी, लेकिन नारायण इस सीट पर बाजी मार गए। ग्वालियर दक्षिण मेंनारायण सिंह कुशवाह के सामने कांग्रेस ने प्रवीण पाठक पर दांव खेला है।

## ब्राह्मण मतदाता 60 सीटों, राजपूत 40 सीटों पर प्रभावित

प्रदेश में ब्राह्मण मतदाता 60 सीटों पर तो वहीं राजपूत मतदाता 45 सीटों पर प्रभावित हैं। 45 सीट पर निर्णायक सरकार ने ब्राह्मण कल्याण बोर्ड गठन के ऐलान के साथ इन्हें साधने की कोशिश की है। गोपाल भार्गव को प्रचार में भावी सीएम बताकर लोगों को लुभाया जा रहा है। राजपूत क्षत्रिय समाज भी ग्वालियर-चंबल, बुंदेलखंड में चुनाव की धुरी होता है। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को बीजेपी 15 साल बाद विधानसभा चुनाव लड़वाने जा रही है। बीजेपी ने तोमर को दिमनी सीट से टिकट दिया है। इस समाज के सागर, टीकमगढ़, छतरपुर, ग्वालियर, भिण्ड मुरैना जिले प्रभाव वाले हैं। बता दें तोमर वर्तमान में मुरैना-श्योपुर संसदीय सीट से सांसद हैं।

# भोपाल में मतदान प्रक्रिया के लिए आज से अधिग्रहित होंगे 694 वाहन, इनमें स्कूली बसें भी शामिल

**भोपाल।** जिले की सातों विधानसभा सीटों पर मतदान प्रक्रिया पूरी कराने के लिए 694 वाहन लगाए जाएंगे। इनमें 456 स्कूल बसें, 150 बीसीसीएल की बसें, 21 ट्रक, कार और वैन के अलावा सरकारी विभागों और अफसरों की गाड़ियां भी शामिल है। बुधवार दोपहर 12 बजे से इनका अधिग्रहण कर लाल परेड मैदान में खड़ा कर लिया जाएगा। ये वाहन 17 नवंबर को मतदान दलों को वापस लाल परेड मैदान तक छोड़ने तक अधिग्रहित रहेंगे। इधर, मतदान दलों को ले जाने वाली बसें और ईवीएम को ढोने वाले ट्रकों को जीपीएस से लैस किया जाएगा, ताकि उन पर चुनाव आयोग सीधी निगरानी रख सके।



बता दें कि 17 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए बुधवार को मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा। यह सामग्री लाल परेड मैदान में वितरित की जाएगी। जिले के 2249 पोलिंग बूथों पर मतदान दलों को मतदान सामग्री लेकर भेजा जाएगा और मतदान संपन्न होने के बाद उन्हें वापस लाया जाएगा। इनके लिए उन्हें बसों और अन्य वाहनों की जरूरत पड़ेगी।

## ज्यादातर बसें स्कूल व कालेज की

जिला निर्वाचन कार्यालय के निर्देश पर क्षेत्रीय परिवहन विभाग ने वाहनों को अधिग्रहित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बस संचालकों को नोटिस भी जारी कर दिए गए हैं। 694 वाहनों के बेड़े में ज्यादातर बसें स्कूल व कालेजों की हैं। इसके साथ शहर की सड़कों पर चल रही बीसीएलएल की 368 बसों में से 150 को भी अधिग्रहित जाएगा। इन बसों के अधिग्रहण से यात्रियों को परेशानी न हो, इसके लिए रूट प्लान तैयार किया जा रहा है।

## प्रोटोकाल के अनुसार दिए जाएंगे वाहन

चुनाव कार्य में लगे 185 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 14 आरओ और एआरओ, 18 मास्टर ट्रेनर और आब्जर्वर को गाड़ियां उपलब्ध कराई जाएंगी। हालांकि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भेजे गए आब्जर्वर को पहले से वाहन उपलब्ध कराए दिए गए हैं। वे बुधवार को भोपाल पहुंचेंगे। उन्हें भी उनके प्रोटोकॉल के हिसाब से इनोवा कार उपलब्ध कराई जाएगी। इस तरह की गाड़ियों को किराए पर लिया जाएगा।

## बैठक लेकर दिए स्कूल-कालेज संचालकों को निर्देश

परिवहन विभाग ने त्योहार के मद्देनजर विभिन्न रूट पर चलने वाली यात्री बसों को अधिग्रहित नहीं किया है। स्कूल-कालेज के अलावा टूरिस्ट बसों से आवश्यकता की पूर्ति की जाएगी। बता दें विभाग ने स्कूल-कालेज संचालकों की बैठक लेकर उन्हें बसों के अधिग्रहण की जानकारी दी है। नेहरू स्टेडियम में अलग-अलग चिन्हित स्पाट पर बसें खड़ी कराई जाएगी।

# सरकारी स्कूलों में नौवीं से 12वीं कक्षा तक की छमाही परीक्षाएं छह दिसंबर से

भोपाल। मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों की नौवीं से 12वीं तक की छमाही परीक्षाएं छह दिसंबर से शुरू होंगी। इस परीक्षा के अंक वार्षिक परीक्षा में भी जुड़ेंगे। लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) ने समयसारिणी जारी कर दी है। नौवीं व 10वीं की परीक्षा छह दिसंबर से शुरू होकर 15 दिसंबर को समाप्त होगी। परीक्षा का समय सुबह नौ बजे से 12 बजे तक रहेगा। वहीं, 11वीं-12वीं की परीक्षा छह दिसंबर से शुरू होकर 16 दिसंबर को समाप्त होगी।

परीक्षा का समय प्रश्न-पत्रों के अनुसार अलग-अलग रखा गया है। कुछ परीक्षाओं का समय सुबह नौ से 12 बजे व कुछ का दोपहर दो से पांच बजे तक रहेगा। इसके अलावा नौवीं व 10वीं की प्रायोगिक परीक्षाएं छह से 15 दिसंबर के बीच व 11वीं-12वीं की छह से 16 दिसंबर के बीच होगी।

आंतरिक मूल्यांकन के अंकों का लाभ 10वीं व 12वीं की वार्षिक परीक्षा में मिलेगा। बता दें कि मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं व 12वीं की परीक्षा फरवरी के मध्य से शुरू हो रही है। बोर्ड परीक्षा के दो महीने पहले छमाही परीक्षा होगी। वहीं इस बार प्री-बोर्ड परीक्षा होने की संभावना नहीं है।इस बार स्थानांतरण, वरिष्ठता सूची जारी करने व विधानसभा चुनाव के चलते स्कूलों में पाठ्यक्रम भी पूरा नहीं हो सका है। अधिकतर स्कूलों में 50 फीसद से भी कम पाठ्यक्रम पूरा हुआ है।

# खाद्य मंत्री बिसाहूलाल सिंह का ऑडियो वायरल, मैं तुम्हें अपनी जान से ज्यादा प्यार करता हूं



**अनूपपुर।** विधानसभा चुनाव के एन वक्त पहले खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री तथा अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बिसाहूलाल सिंह जो की होने जा रहे विधानसभा चुनाव में भाजपा से उम्मीदवार हैं का इंटरनेट मीडिया में एक आडियो वायरल हो रहा हैं। बातचीत में मंत्री जी एक महिला से बात करते हुए सुनाई दे रहे हैं जिसमें वह महिला को जान से अधिक चााहने की बात कह रहे हैं तथा महिला के ट्रांसफर रुकवाने की रकम मिल जाने और दिए जाने का भी जिक्र है।

महिला मित्र ने दो अन्य व्यक्तियों का भी नाम लेते हुए मंत्री से उनकी शिकायत की वायरल आडियो में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बिसाहूलाल सिंह की आवाज में महिला मित्र से चर्चा करते हुए कह रहे हैं कि तुम घर पहुंच गए हो। वहीं महिला मित्र दो अन्य व्यक्तियों का भी नाम लेते हुए मंत्री से उनकी शिकायत करते हुए कह रही हैं कि दोनों व्यक्तियों ने मुझे कहा की तुम सिर्फ मंत्री के पीछे-पीछे घूमती हो, कोई काम नहीं करती हो। महिला ने कहा कि मैं आपको दिल से मानती हूं। मंत्री जी भी इसी तरह चाहने की बात कहते हैं। मंत्री द्वारा महिला से स्कूटी के बारे में पूछा तो बताया की पुरानी हो गई है तो खाद्य मंत्री कहते हैं कि मैं तुम्हें गाड़ी दिला दूंगा।

महिला मंत्री से जबलपुर के किसी के ट्रांसफर की बात कहती हैं कि मेरे पास एक महिला के ट्रांसफर का पैसा रखा हुआ है। मैं कल आपसे मिलकर उसका पैसा आपको दे दूंगी। आप उसका ट्रांसफर का आदेश करा दीजिए। महिला ने मंत्री से कहती हैं कि अकेले रहती हूं। आप मेरा साथ नहीं छोड़िएगा। जिस पर खाद्य मंत्री कहा कि मैं कहां छोड़ रहा हूं तुम्हारा साथ मैं तुम्हें अपने जान से ज्यादा प्यार करता हूं। महिला भी कहती है की मैं भी आपको चाहती हूं आप समझते नहीं हों। आप मेरी दुनिया हैं। सूत्रों के अनुसार यह मामला पिछले वर्ष दीपावली के पूर्व का है। महिला भाजपा की एक कार्यकर्ता बताई जा रही है।

# जन प्रतिनिधि लें अपराध मुक्त भारत की शपथः मैथिलीशरण गुप्त



भोपाल। प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक मैथिलीशरण गुप्त ने कहा है कि जनप्रतिनिधियों को निर्वाचन के दौरान जनता और देश के हित में यह शपथ लेना चाहिए जिससे संविधान और जनता के मौलिक अधिकारों की रक्षा हो सके साथ ही देश विश्व में अपना सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर सके। इस संबंध में आज पत्रकार वार्ता करके उन्होंने शपथ पत्र जारी किया है।

**इस शपथ पत्र में कहा गया है**–1 मैं भारत माता की शपथ लेता हूँ कि मैं निडर वह निर्भीक हूँ व अपराध मुक्त भारत मिशन का चंद्रगुप्त बनूँगा। 2 मैं सदस्यीय शपथ के तहत अपने निजी नेटवर्क के 90 लोगों को अपराध मुक्त भारत मिशन से जुड़ूंगा। 3 मैं शपथ लेता हूँ कि प्रतिदिन दो से पांच संगोष्ठियां अपने प्रभाव क्षेत्र में लूंगा व अधिक से अधिक लोगों तक अपराध मुक्त भारत मिशन को पहुंचाकर अपने सपनों के भारत का मिर्माण करूँगा । अपराध मुक्त भारत मिशन के सदस्य की शपथ-1. मैं भारत माता की शपथ लेता हूँ कि मैं डरा, सहमा, सताया व उत्पीड़ित व्यक्ति हूं। 2. मैं शपथ लेता हूँ कि अपने परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों, मित्रों, पड़ोसियों, अपने युवाओं/ वरिष्ठ नागरिकों व वर्षो से जुड़ें संगठनों के 90 लोगों को शपथकृत व संकल्पित कर जोडूंगा। 3. मैं क्राइम फ्री भारत यूट्यूब चैनल को सब्सक्राइब कर एक वीडियो प्रतिदिन देख कर अपनी ऊर्जा व आत्मविश्वास को बढ़ाऊंगा। 4. मैं प्रति सांयकाल 7ः00 बजे अपनी छत पर चढ़कर, दीपक जलाकर, थाली बजाव अपने चन्द्रगुप्त प्रत्याशी चुनाव चिन्ह को जिताने की गगनभेदी शपथ लूँगा। 5. मैं दिनांक 17 नवंबर को पोलिंग बूथ पर जाकर अपने चंद्रगुप्त प्रत्याशी चुनाव चिन्ह को ईवीएम मशीन में बटन दबाकर विजयी बनाऊंगा।

**अपराध मुक्त भारत मिशन घोषणाएं**– कलयुग में कलयुग जाएगा व कलयुग में सतयुग आएगा, 21 लक्ष्यों सहित गुरुदेव बाबा की सभी भविष्यवाणियां फलीभूत होंगी, गुलामी के नियमों/ कानूनों में आमूल चूल परिवर्तन होगा, प्रशासनिक व्यवस्था पारदर्शी, उत्तरदायी व क्षतिपूर्ति के प्रावधान के साथ संवेदनशील होगी, अपराध एवं भृष्टाचार मुक्त भारत होगा, भारत टैक्स मुक्त होगा।

